# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, मंगलवार
20 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 81 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद
## भारतीय थिंक टैंक का खुलासा

### दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका




**नई दिल्ली ।** भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था।

भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।

**चीन ने खुलकर की पाकिस्तान की मदद**- पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत की सरकार पाकिस्तान के खिलाफ बदले की कार्रवाई की योजना बना रही थी, उसी 15 दिन के अंतराल के बीच चीन ने पाकिस्तान को अपने उपग्रहों की मदद दी थी ताकि भारत के हथियारों की तैनाती का पता चल सके। भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। भारत सरकार ने सार्वजनिक तौर पर संघर्ष में चीन के शामिल होने की बात नहीं की है, लेकिन पाकिस्तान ने कहा है कि उसने लड़ाई में चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया।


शेष पेज 2 पर


## पकड़ा 5 लाख का घोटाला, समाज कल्याण अधिकारी व अधीक्षक निलंबित



लखनऊ। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने छात्रावास के कायाकल्प में सामने आए घोटाले पर समाज कल्याण अधिकारी व निरीक्षक को निलंबित कर दिया साथ ही डिप्टी डायरेक्टर को जांच की जिम्मेदारी सौंप दी। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बाराबंकी के रामनगर पीजी कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर में स्थित समाज कल्याण विभाग के छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ?5 लाख की सरकारी धनराशि से किए गए रंग-रोगन और रखरखाव कार्य में घोटाला सामने आया।


शेष पेज 2 पर


## पाकिस्तानी मिसाइलों-ड्रोन्स के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर
### आकाश मिसाइल प्रणाली बनी ढाल

अमृतसर । भारतीय सेना ने एक डेमो दिखाया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली, छ-70 एयर डिफेंस गन सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों से बचाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से भेजी गई मिसाइलों का मलबा भी दिखाया, जिन्हें भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने मार गिराया गया था। आइए देखते हैं विस्तार से...

पाकिस्तान ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने के लिए मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। इसे भारतीय रक्षा प्रणालियों ने ध्वस्त कर दिया था। इसे लेकर सेना ने एक डेमो भी जारी किया। इसके अलावा सेना के पश्चिमी मोर्चे ने एक नया वीडियो भी जारी किया।




वीडियो में सेना ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल के मलबे भी दिखाए।

**सेना के डेमो में क्या?**

भारतीय सेना ने सोमवार को एक डेमो दिखाया। इसमें बताया गया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के GOC मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्री ने कहा, '... सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तानी सेना ने सुनियोजित तरीके से 22 अप्रैल को पहलगाम में अपने आतंकियों द्वारा देश और विदेश के निहत्थे पर्यटकों पर हमला करवाया था। इसके बाद पूरे देश के आक्रोश ने भारत के प्रबल नेतृत्व के अधीन ऑपरेशन सिंदूर का रूप लिया। हमने केवल आतंकी ठिकानों का नाश किया था और इसके अतिरिक्त किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।'


शेष पेज 2 पर


## नूंह से एक और पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, फोन में मिले गद्दारी के सबूत, चैटिंग से बड़ा खुलासा





नूंह । देश में एक और देशद्रोही को पुलिस ने पकड़ा है। नूंह जिले से पाकिस्तान को गुप्त सूचनाएं भेजने वाला तारीफ गिरफ्तार हुआ है। दो दिन पहले ही यहां से अरमान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि तारीफ ने भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी पाकिस्तान उच्च आयोग को दी।

हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तावडू उपमंडल के गांव कांगरका से तारीफ पुत्र हनीफ को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है।

**तारीफ की चैट से हुआ बड़ा खुलासा**-तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था।


शेष पेज 2 पर


## भारत कोई धर्मशाला नहीं है जो सारी दुनिया को...

### सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंका के शख्स की याचिका खारिज करते हुए की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली ।** याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ़्तार किया गया था। यह एक ऐसा समूह है जिसने देश के भाषाई तमिल अल्पसंख्यकों के लिए एक अलग देश की स्थापना के लिए दशकों तक चले गृहयुद्ध में श्रीलंका सरकार से लड़ाई लड़ी थी। छळळए को भारत सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया है।



सुप्रीम कोर्ट को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है जो दुनिया भर के शरणार्थियों को जगह दे सके, जबकि वह पहले से ही 140 करोड़ लोगों की आबादी का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहा है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी एक श्रीलंकाई नागरिक की याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें उसके निर्वासन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। लाइव लॉ के अनुसार, वह हाल ही में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत कारावास की सजा काट चुका है। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ़्तार किया गया था। यह एक ऐसा समूह है जिसने देश के भाषाई तमिल अल्पसंख्यकों के लिए एक अलग देश की स्थापना के लिए दशकों तक चले गृहयुद्ध में श्रीलंका सरकार से लड़ाई लड़ी थी। छळळए को भारत सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया है।

2018 में ट्रायल कोर्ट ने यूएपीए के तहत इस व्यक्ति को दोषी ठहराया था। मद्रास उच्च न्यायालय ने उसकी जेल की अवधि दस साल से घटाकर सात साल कर दी और उसे जेल की अवधि पूरी होते ही देश छोड़ने को कहा। तीन साल से शरणार्थी शिविर में बंद इस व्यक्ति ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि अगर वह श्रीलंका लौटता है तो उसकी जान को खतरा है। उसने कहा कि वह उचित वीजा पर भारत आया था, उसने बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे अब भारत में बस गए हैं।


शेष पेज 2 पर


## राहुल गांधी ने फिर साधा विदेश मंत्री पर निशाना, पूछा- भारत ने कितने विमान खोए, देश को सच जानने का हक



**नई दिल्ली ।** राहुल गांधी ने 17 मई का विदेश मंत्री जयशंकर का एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने कहा कि ऑपरेशन की शुरूआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम बुनियादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं, इसलिए सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर पर फिर से सवाल उठाए और आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने कितने विमान खोए, इस पर वे चुप हैं। उन्होंने कहा कि देश को सच्चाई जानने का हक है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, "विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी सिर्फ.बयानबाजी नहीं है, बल्कि यह निंदनीय है। इसलिए मैं फिर से पूछूंगा: हमने कितने भारतीय विमान खो दिए, क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह एक अपराध था।


शेष पेज 2 पर


## दानिश से संबंधों पर खामोशी', पाक टूर समेत इन सवालों पर ज्योति ने दिया ये जवाब





हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से एनआईए सहित कई अन्य जांच एजेंसियों ने पूछताछ की। ज्योति से दानिश से संबंध, पाकिस्तान के टूर समेत कई सवाल पूछे गए। लेकिन उसने एक ही जवाब दिया।

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा से पुलिस हिरासत में शनिवार से ही लगातार पूछताछ की जा रही है। रविवार को रिमांड अवधि के पहले दिन नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) सहित कई अन्य जांच एजेंसियों ने उससे सिविल लाइन थाने में करीब पांच घंटे पूछताछ की, लेकिन अधिकतर सवालों पर चुप्पी साधे रही। उसका एक ही जवाब था, मैं बेकसूर हूं। अभी ऐसे कोई संकेत उसने नहीं दिए हैं, जिससे पता चल सके कि पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के साथ कोई गोपनीय दस्तावेज साझा किए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने ज्योति को पांच दिन के रिमांड पर लिया है। सेना की इंटेलिजेंस भी उससे पूछताछ कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि ज्योति चिंता में दिख रही है। पुलिस कस्टडी में वह घुटने पकड़कर बैठी रही। रात में नींद भी नहीं ली और खाना भी अच्छे से नहीं खाया। रविवार को उससे चार-पांच घंटे अलग-अलग एजेंसियों ने बातचीत की। इसमें एनआईए भी शामिल है।


शेष पेज 2 पर


**2027 चुनाव** | भाजपा विधायकों का होगा ऑडिट

## उसी आधार पर पार्टी तय करेगी 2027 चुनावों का टिकट, इस तरह होगा आकलन



लखनऊ। यूपी में 2027 में होने वाले चुनावों के लिए भाजपा अभी से तैयारी में जुट गई है। भाजपा के विधायकों का ऑडिट किया जाएगा। उसी के आधार पर टिकट तय होंगे।

विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा के मौजूदा विधायकों की दावेदारी पर संकट आ सकता है।

### इन बिंदुओं पर होगा ऑडिट


- पहली और दूसरी बार के विधायकों का परफारमेंस कैसा रहा
- क्षेत्र में विकास निधि की धनराशि खर्च करने की स्थिति कैसी है
- जनसमस्याओं के निस्तारण में कितनी सक्रियता दिखाई
- पिछले चुनाव में प्रतिद्वंदी से कम मार्जिन से जीतने की क्या वजह हैं
- जनता की नजर में विधायकों की छवि कैसी है
- 2027 में चुनाव जीतने की संबंधित विधायक की कितनी संभावना है

टिकट बांटने से पहले सभी विधायकों को जनता की कसौटी पर कसा जाएगा। विधायकों की लोगों के बीच छवि परखने का काम शुरू भी कर दिया गया है।

दरअसल, सरकार और भाजपा चुनावी मोड में जाने से पहले अपने विधायकों के बारे में पूरा ब्योरा जुटाना चाहती है। इसलिए उनके कामकाज का ऑडिट कराया जा रहा है ताकि पता लगाया जा सके कि कौन विधायक जनता के बीच कितना सॉलिड है।


शेष पेज 2 पर

# असम सरकार एडवांटेज असम 2.0 के वादे को पूरा करने के लिए उठा रहे हैं सक्रिय कदम :- हिमंत बिस्वा सरमा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** असमः असम के खानापारा में इस साल फरवरी 25 ओर 26 को आयोजित हुए एडवांटेज असम 2.0 के दौरान किए गए वादों के कार्यान्वयन की दिशा में एक निर्णायक कदम के तोड़ पर असम सरकार ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में तेजी लाने और शीघ्रता लाने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। इस प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, कल रविवार को गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया , जहां राज्य सरकार ने प्रमुख निवेशकों के साथ औपचारिक रूप से भूमि आवंटन और समझौता ज्ञापन आदान-प्रदान समारोह आयोजित किया।₹ कल आयोजित किए गए सभा में असम सरकार ने विद्युत क्षेत्र में 22,899.71 करोड़ रुपये के निवेश के अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भाजपा , असम प्रदेश ने राज्य सरकार की इस प्रगतिशील पहल का हार्दिक स्वागत किया है। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में भाजपा प्रवक्ता रंजीब कुमार शर्मा ने कहा कि इन समझौतों से राज्य भर में लगभग 5,953 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे बताया कि एडवांटेज असम 2.0 के दौरान राज्य सरकार ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्यमों के साथ 5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए थे। ₹तब से सरकार ने इन प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए लगन से काम किया है, निवेश प्रतिबद्धताओं को कार्रवाई योग्य परियोजनाओं में तब्दील किया है। बता दें कि, शिखर सम्मेलन के सफल समापन के बाद, मुख्यमंत्री के निर्देश पर आतिथ्य, बिजली, डेयरी, और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं को पूर्ण पैमाने पर उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू की गई है।

# अनिल यादव की हिस्ट्री शीट खोलने को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने पूरे मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संज्ञान में लाने के लिए पत्र लिखा अगर बात नहीं सुनी गई तो मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अनिल यादव के साथ जायेगे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने आज एक वीडियो जारी करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से गाजियाबाद पुलिस द्वारा षड्यंत्र रच कर अनिल यादव जिन्हें सब छोटा नरसिंहानंद के नाम से भी जानते हैं,की हिस्ट्री शीट खोलने को लेकर उचित जांच की मांग की।इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पत्र भी लिखा है जिसमें अनिल यादव पर पंजीकृत सभी मुकदमों का पूरा ब्यौरा दे कर बताया है अनिल यादव के ऊपर एक भी अपराधिक मामला दर्ज नहीं है।अनिल यादव पर जो भी मुकदमे हैं,उनके आधार पर उनकी हिस्ट्री शीट खुल ही नहीं सकती। गाजियाबाद के पूर्व कमिश्नर अजय मिश्रा जी ने उनकी हत्या के षड्यंत्र करते हुए पहले तो अनिल यादव की सरकारी सुरक्षा हटाई और उसके बाद उन्हें जबरदस्ती बिना की मुकदमे के जेल भेजा। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने वीडियो में बताया कि असल में तो सारा षड्यंत्र उनकी अपनी हत्या का है जिसमें इस्लाम के जिहाद अनिल यादव को बाधक मानते हैं।इसीलिए अजय मिश्रा जी को प्रभाव में लेकर उन्होंने अनिल यादव की बिना किसी आधार के हिस्ट्री शीट खुलवाई ताकि अनिल यादव की हत्या का रास्ता साफ हो सके। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज का कहना है कि उनके जीते जी अनिल यादव की हत्या का कोई प्रयास सफल नहीं हो सकता।अनिल यादव की हिस्ट्री शीट को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से कहा है कि अगर उन्होंने इस पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की तो वो अनिल यादव को लेकर मुख्यमंत्री जी के जनता दरबार में जाकर उन्हें सत्य से अवगत कराएंगे। अगर मुख्यमंत्री जी न्याय नहीं दिला पाएंगे तो फिर जनता की अदालत में वो 36 बिरादरी की पंचायत बुला कर आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

# एमआईईटी के छात्रों का याकुल्ट डैनोन इंडिया लिमिटेड में औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के जैवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत (हरियाणा) में एक दिवसीय औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विभाग के कुल 73 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें एमएससी. बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी अंतिम वर्ष तथा बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सम्मिलित थे। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्रोबायोटिक पेय निर्माण प्रक्रिया की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें औद्योगिक वातावरण का अनुभव कराना था। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. रेखा यादव, सह-समन्वयक डॉ. रॉबिन कुमार पुंडीर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश सिंह के नेतृत्व में किया गया। भ्रमण के दौरान याकुल्ट की विशेषज्ञ वक्ताओं महक एवं शगुन द्वारा विद्यार्थियों को प्रोबायोटिक निर्माण प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी गई। उनके संवादात्मक व्याख्यान ने छात्रों की विषयगत समझ को और अधिक सुदृढ़ किया।

भ्रमण के दौरान छात्रों को न केवल प्रयोगात्मक तकनीकों की जानकारी प्राप्त हुई, बल्कि खाद्य सुरक्षा मानकों, औद्योगिक कार्य प्रणाली एवं रोजगार के संभावित अवसरों से भी अवगत कराया गया। यह अनुभव छात्रों के लिए शैक्षणिक ज्ञान को व्यावसायिक धरातल से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अविनाश सिंह ने कहा कि, ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह न केवल उनकी सैद्धांतिक समझ को गहराई प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं का साक्षात्कार भी कराते हैं। यह प्रयास अकादमिक और औद्योगिक जगत के बीच की दूरी को पाटने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। यह औद्योगिक भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और भविष्य की संभावनाओं से युक्त एक सफल पहल रहा।

# पेज एक का शेष...

## चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद, भारतीय थिंक टैंक का खुलासा

भारतीय थिंक टैंक ने कहा कि इससे साफ है कि चीन ने कूटनीतिक समर्थन से आगे बढ़कर पाकिस्तान को लॉजिस्टिक और खुफिया मदद के अलावा सैन्य मदद भी मुहैया कराई। इस रिपोर्ट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज ने यह जानकारी दी है, उसके एडवाइजरी बोर्ड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारत की तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडर शामिल हैं।

चीन के एयर डिफेंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा-ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस मुद्दे पर अभी तक चीन, भारत या पाकिस्तान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार सोमवार को चीन दौरे पर भी गए हैं। थिंक टैंक से जुड़े कुमार ने बताया कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की, लेकिन चीन के एयर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उल्लेखनीय काम किया और पाकिस्तान के लगभग हर हवाई हमले को असफल कर दिया।

दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका-कुमार ने कहा कि भारत को पहले भी दो मोर्चों पर लड़ाई की आशंका थी, लेकिन अब जिस तरह से चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, उससे यह आशंका और बढ़ गई है और भारत भी अब इस दिशा में योजना बना रहा है। कुमार ने कहा कि जब तक हालात बेहद संवेदनशील न हो, तब तक चीन के पाकिस्तान की मदद करने की आशंका कम ही है, लेकिन अगर भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान जरूर चीन के समर्थन में उतर सकता है।

बीती 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने 6-7 मई की रात बदले की कार्रवाई के तहत पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया। संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम से सभी हमलों को नाकाम कर दिया। इसके बाद भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई सैन्य अड्डों और एयर बेस पर हवाई हमले किए। 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया।

## पकड़ा 5 लाख का घोटाला, समाज कल्याण अधिकारी व अधीक्षक निलंबित

अनियमितता पाते ही मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए समाज कल्याण अधिकारी और छात्रावास अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच डिप्टी डायरेक्टर, समाज कल्याण विभाग अयोध्या को सौंपी गई है।

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जब खर्च का विवरण मांगा गया तो जिम्मेदार अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। ?5 लाख की धनराशि कहां खर्च हुई, इसका ठोस प्रमाण भी प्रस्तुत नहीं किया जा सका। अधिकारी केवल बिजली के तार और मामूली काम दिखाते रहे, जिससे घोटाले की पुष्टि होती है।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार छात्रावासों के कायाकल्प के लिए भरपूर धनराशि दे रही है ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन यदि कोई अधिकारी इस सरकारी धन का दुरुपयोग करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि छात्रावासों के लिए आगामी दिनों में ?10 लाख की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, लेकिन पूर्व में दी गई राशि की रिकवरी भी सुनिश्चित की जाए।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं है जो सारी दुनिया को...

रिपोर्ट में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने अपने निर्वासन की प्रक्रिया में कथित देरी का भी हवाला दिया और शीर्ष अदालत से इस पर रोक लगाने की मांग की। उनकी याचिका पर जवाब देते हुए न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, "क्या भारत को दुनिया भर से शरणार्थियों की मेजबानी करनी है? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है कि हम हर जगह से विदेशी नागरिकों का स्वागत कर सकें।

सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों के दावे को भी खारिज कर दिया और कहा कि उसे कानून के अनुसार हिरासत में लिया गया था। पीठ ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 19 (भाषण, अभिव्यक्ति और आवागमन की स्वतंत्रता सहित) केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। भारतीय नागरिकों के सभी मौलिक अधिकार उचित प्रतिबंधों के अधीन हैं।

## दानिश से संबंधों पर खामोशी', पाक टूर समेत इन सवालों पर ज्योति ने दिया जवाब

पड़ोसियों ने बनाई दूरी -ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने बताया कि इस घटनाक्रम के बाद से पड़ोसियों ने भी बोलचाल बंद कर दी है। बार-बार पुलिस व मीडिया वालों के आने से पड़ोसी भी डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ज्योति बेकसूर है।

पैसा कमाने का लगा आसान रास्ता - एसएसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि ज्योति पर किसी तरह का दबाव था, ऐसा अभी तक कुछ सामने नहीं आया। पूछताछ में यही सामने आया है कि लाइक व सबस्क्राइबर्स के चक्कर में पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के जाल में फंस गई। फिर उसे स्पॉन्सर्ड यात्राएं मिलने लगीं, जो पैसा कमाने का आसान रास्ता लगा। उन्होंने बताया कि वह पहलगाम हमले से पहले कश्मीर गई थी और उससे पहले पाकिस्तान भी गई। इन दोनों का क्या संबंध है, इसकी जांच की जा रही है।

एसएसपी ने कहा कि ज्योति के माध्यम से कुछ और भारतीय मिले हैं, जो इनके संपर्क में हैं। हम उनकी भी जांच कर रहे हैं। हिसार एक संवेदनशील एरिया है। चूंकि ज्योति पीआईओ के संपर्क में थी और दोनों देशों के बीच विवाद के दौरान छोटी सी जानकारी साझा करना भी खतरनाक हो सकता है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

## पाकिस्तानी मिसाइलों-ड्रोन्स के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर

उन्होंने कहा कि 7 मई की रात को हमें पुख्ता जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान किसी उचित और सटीक टार्गेट न होने के कारण सिविल ठिकानों, खासतौर पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगा। इसमें अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था। हमें अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली कि वे (पाकिस्तान) स्वर्ण मंदिर पर भारी तादाद में ड्रोन और मिसाइल से हमला करेंगे, इसलिए हमने तुरंत आधुनिक अतिरिक्त एवं उपयुक्त एयर डिफेंस उपलब्ध कराया था। हमने स्वर्ण मंदिर पर एक आंच भी नहीं आने दी।'

'पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा'-15 इन्फैंट्री डिवीजन के ऋ्रइउ मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने कहा, 'यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा। याद रहे कि ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उसका विकराल रूप अभी बाकी है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवाद और आतंकी ठिकानों को बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के निशाना बनाया और सटीक तरीके से हमले किए। इसके उलट पाकिस्तानी सेना ने जानकर भारतीय सैन्य ठिकानों और सिविल इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी आर्मी के लिए सभी टार्गेट जायज हैं, मगर भारतीय सेना उनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा'-भारतीय सेना के एक जवान ने कहा, 'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा हैं। 8-9 मई की रात को दुश्मन ने अचानक हम पर फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। हमने दुश्मन पर अचूक फायरिंग की और उसकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह तक दुश्मन अपने घुटनों पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा लहरा दिया। हम अपने देशवासियों को यह भरोसा दिलाते हैं कि जब तक देश की सीमाओं पर भारतीय सेना तैनात है, तब तक कोई भी इस देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता।'

'नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार'-एक अन्य सैनिक ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी ढांचे पर सफल हमला किया। 22 अप्रैल के बाद हमने अपनी तैयारी शुरू कर दी और कम समय में तैनात होने के लिए तैयार थे। वर्तमान में आप अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पैंथर गनर्स की एक अच्छी तरह से छिपी हुई और अच्छी तरह से संरक्षित बंदूक की स्थिति में खड़े हैं। हम दुश्मन द्वारा हम पर किए जाने वाले सभी और किसी भी तरह के खतरों के लिए तैयार हैं, जिसमें ड्रोन हमले, हवाई हमले, जवाबी बमबारी और अन्य हाइब्रिड खतरे शामिल हैं। हम सतर्क हैं। हम सतर्क हैं और दुश्मन द्वारा हमारे खिलाफ किए जाने वाले किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार हैं।'

'मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गईं'-भारतीय रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता पर एक अन्य सैनिक ने कहा, 'जमीन आधारित वायु रक्षा हथियारों और सेना के वायु रक्षा हथियारों के गोला-बारूद का केवल 10% ही इस्तेमाल किया गया। हमने क्लइअ-क्क्क और सोंगार जैसे कामिकेज ड्रोन और माइक्रो-ड्रोन बरामद किए हैं, जो संभवतः तुर्की मूल के हैं। हमारी वायु रक्षा दीवार को भेदना बहुत मुश्किल है।' उन्होंने आगे कहा कि 7 मई को जब हमने पाकिस्तान और पीओके में मुरीदके में लश्कर मुख्यालय जैसे शीर्ष आतंकवादी प्रतिष्ठानों की पहचान की और उन पर हमला किया, तो यह अनुमान लगाया गया था कि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और हमारे मुख्य हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाएगा। आश्चर्य की बात यह रही कि कुछ कामिकेज ड्रोन, सतह से सतह और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गईं। लगभग 3 दिनों तक हमारे हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में कोई सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने इन कामिकेज ड्रोन और रॉकेटों से नागरिक क्षेत्रों गुरुद्वारा साहिब और अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया। सभी हवाई हमलों को रोक दिया गया और बड़ी सटीकता के साथ मार गिराया गया।

## उसी आधार पर पार्टी तय करेगी 2027 चुनावों का टिकट, इस तरह होगा आकलन

भाजपा प्रदेश में लगातार दो बार सरकार बनाने के बाद अब हैट्रिक की रणनीति बना रही है। ऐसे में पार्टी टिकट बांटने में कोई गलती नहीं करना चाहती। सूत्रों के मुताबिक, विधायकों का ऑडिट कराने की जिम्मा सरकार को सौंपा गया है। सरकार ने कुछ एजेंसियों को काम पर लगा दिया है। एजेंसियों ने गोपनीय तरीके से काम शुरू भी कर दिया है।

विपक्ष की स्थिति पर रहेगी नजर-सर्वे में भाजपा के साथ ही मुख्य विपक्षी दलों के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी। जातिवार समीकरण के लिहाज से भी रिपोर्ट बनेगी। इसमें देखा जाएगा कि किस जाति व समाज में किस दल की पकड़ है। किस पार्टी को लेकर क्या अवधारणा है। पार्टी की स्थिति के साथ ही मौजूदा विधायकों के बारे में रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

विधायकों के कामकाज और जनता के बीच छवि का ऑडिट कराने के साथ ही सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों के सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों के आधार पर सर्वे कराने का भी फैसला लिया गया है। विधानसभावार सर्वे करके एक डाटा तैयार किया जाएगा। साफ है कि विधानसभा चुनाव 2027 में विधायकों को टिकट पाने के लिए अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ेगा।

**तीन श्रेणियों में होगा आकलन-** सर्वे में विधायकों की छवि का आकलन ए, बी और सी तीन श्रेणियों में किया जाएगा। ऑडिट के बाद विधायकों को श्रेणीबद्ध करते हुए अंक दिए जाएंगे। सर्वाधिक अंक पाने वाले विधायक को ए श्रेणी में रखा जएगा। इसी प्रकार अंक के आधार पर बी और सी श्रेणी में रखा जाएगा। सरकार के स्तर से पूरा डाटा तैयार करके पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## राहुल गांधी ने फिर साधा विदेश मंत्री पर निशाना, पूछा-भारत ने कितने विमान खोए, देश को सच जानने का हक

और देश को सच्चाई जानने का हक है। राहुल गांधी ने 17 मई का विदेश मंत्री जयशंकर का एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने कहा कि ऑपरेशन की शुरूआत में हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हम बुनियादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं, इसलिए सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है। उन्होंने अच्छी सलाह नहीं मानने का विकल्प चुना। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीति के रणनीतिकारों द्वारा भी लड़े जाते हैं।

खेड़ा ने कहा कि सेनाएं बहादुरी से सीमाओं पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में बहुत अहम् भूमिका उन रणनीतिकारों की भी होती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। जो सेना के पराक्रम को या तो बूस्ट कर सकती है या सेना के पराक्रम को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है, क्योंकि पिछले एक हफ्ते में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने में मध्यस्थता की।

उन्होंने आगे दावा किया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर जी ने खुद मीडिया एजेंसियों को बताया कि हमने हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। खेड़ा ने सवाल किया कि अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है? विदेश मंत्री जी को पाकिस्तान पर इतना भरोसा है कि उनके कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे? विदेश मंत्री जी का क्या रिश्ता है और उन्होंने हमले से पहले पाकिस्तान को क्यों बताया? दरअसल, इसे कूटनीति नहीं बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना- फिर भी इसपर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अजहर ज़िंदा बच गया और हाफिज सईद ज़िंदा भाग गया।

## नूंह से एक और पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, फोन में मिले गद्दारी के सबूत, चैटिंग से बड़ा खुलासा

मामले में नूह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत आरोपी मोहम्मद तारीफ निवासी कांगरका थाना सदर तावडू पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात पाकिस्तानी नागरिक आसिफ बलोच और जाफर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

हरियाणा पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि तारीफ निवासी लंबे समय से भारतीय सेना और डिफेंस तैयारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दुश्मन देश पाकिस्तान में भेज रहा है। जो लोगों को पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लगवाने के लिए बोलता था। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ और उसके मोबाइल को जब्त कर जांच करने पर संदिग्ध चैटिंग मिल सकती है।

बावला राधा स्वामी सत्संग के पास से हिरासत में लिया- इसी सूचना के आधार पर चंडीगढ़ विशेष पुलिस बल और केंद्रीय जांच एजेंसी ने तावडू सीआईए और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे गांव बावला राधा स्वामी सत्संग के समीप से रविवार देर शाम हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेने से पहले पुलिस टीम को सामने देख तारीफ ने अपने मोबाइल में कुछ चैटिंग को डिलीट करने का भी प्रयास किया था।

जांच में सामने आया कि उसके मोबाइल में पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबर से थे कुछ डाटा भी डिलीट पाया गया। उसके मोबाइल फोन की जांच में पाकिस्तानी नंबरों से चैट, फोटो, वीडियो और सैन्य गतिविधियों की तस्वीरें मिलीं, जो उसने पाकिस्तान के किसी नंबर पर भेजी थी। वह दो अलग अलग सिम कार्ड के जरिए पाकिस्तानी नंबरों से लगातार संपर्क में था। पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि पाकिस्तान उच्चायोग दिल्ली में स्थित कर्मचारी आसिफ बलोच को भारत देश की सैन्य गतिविधियां और खुफिया सूचनाओं को भेजता था।

तारीफ ने आसिफ बलोच को दी गुप्त सूचनाएं- इसके बदले में आसिफ बलोच समय-समय पर उन्हें रुपए देता था। दिल्ली दूतावास से आसिफ बलोच का तबादला होने के बाद दूसरे कर्मचारी जाफर से उनकी मुलाकात दिल्ली में हुई थी। जिस प्रकार से तारीफ, आसिफ बलोच को सैन्य गतिविधियों की गुप्त सूचनाओं दे रहा था, उसी प्रकार जाफर को भी सैन्य गतिविधियों की खुफिया जानकारियां दी। इस तरह से तारीफ ने पाकिस्तान उच्च आयोग के कर्मचारियों को देश की खुफिया जानकारी साझा कर देश की अखंडता, एकता और देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया है। इस संदर्भ में तावडू सदर थाने में उपरोक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अजहर ज़िंदा बच गया और हाफिज सईद ज़िंदा भाग गया?

# मेधावी छात्र मेहनत से लिखते हैं सफलता की नई इबारतः के.के. त्यागी

नेशनल प्रेस टाइम्स

बड़ौत/बागपत। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान डिवाइन ग्लोबल एकेडमी, बड़ौत में सोमवार को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण को सार्वजनिक रूप से सराहने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ हुआ कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य के.के. त्यागी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। संगीतमय वातावरण और श्रद्धा भाव से कार्यक्रम स्थल पर एक पवित्र और प्रेरणादायक ऊर्जा का संचार हुआ।

विद्यालय टॉपर्स ने किया नाम रोशन

कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों झ




आयुष, विवेक भारद्वाज, अर्णव चौहान, अक्षित कुमार, वंशिका खोखर और मानविक पालीवाल झ ने न केवल अपने अभिभावकों और शिक्षकों का सिर गर्व से ऊँचा किया, बल्कि स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता का भी प्रमाण दिया।

इन छात्रों को विशेष रूप से ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके अभिभावकों की आंखों में गर्व और संतोष की चमक स्पष्ट दिखाई दी।

प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक विचार समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य के.के. त्यागी ने कहाः ₹मेधावी छात्र केवल विद्यालय की ही नहीं, बल्कि देश की धरोहर होते हैं। वे अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर सफलता की नई इबारतें गढ़ते हैं। हमें ऐसे छात्रों को प्रेरित करना चाहिए कि वे केवल अंकों के पीछे न भागें, बल्कि ज्ञान, नैतिकता और सामाजिक दायित्व को भी अपनाएं।

उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि मेहनत की राह भले कठिन हो, पर उसका फल सदैव मीठा होता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनना है।

**संवेदनशील संचालन और सहभागिता**-कार्यक्रम का कुशल संचालन रीतू तोमर ने किया, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से समारोह को जीवंतता प्रदान की। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के समर्पित शिक्षकगण झ

प्रदीप त्यागी, अमित जांगिड़, हरेंद्र सिंह, विशाल भारद्वाज, राजकुमार शर्मा, बिजेंद्र सिंह, नीलम तोमर, वर्षा तोमर, ऊमा तोमर और अर्चना तोमर झ भी उपस्थित रहे और छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया।

**अंत में एक संदेश, एक प्रेरणा**

यह सम्मान समारोह सिर्फ पुरस्कार देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह छात्रों के लिए एक उत्सव, एक प्रेरणा और एक नई शुरूआत का प्रतीक बन गया। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वास देते हैं कि यदि वे मेहनत और ईमानदारी से आगे बढ़ें, तो कोई मंज़िल दूर नहीं।

डिवाइन ग्लोबल एकेडमी ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि भावनात्मक और नैतिक विकास के बिना वह अधूरी है।

# रानी अहिल्याबाई की जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय कॉलेज में हुई दौड़ प्रतियोगिता

नेशनल प्रेस टाइम्स

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में रानी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कराए गए।

कार्यक्रमों की शासन द्वारा आई सूची में आज दौड़ प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता प्रस्तावित थी। 20 मई को भाषण प्रतियोगिता, विवाद -विवाद प्रतियोगिता प्रस्तावित है। रंगोली प्रतियोगिता तथा दौड़ प्रतियोगिता विद्यालय में कराई गई तथा भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता के समक्ष माल्यार्पण कर की। वेदपाल उपाध्याय ने रानी अहिल्याबाई के जीवन



परिचय के साथ-साथ उनके अदम्य साहस और शौर्य की बात कर छात्राओं को नए जोश के साथ जीवन में जीने की कला बताई। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना द्वारा वेदपाल उपाध्याय का शॉल ओढाकर स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा जिला अध्यक्ष तथा जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन छवि श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में हुकम सिंह, इंदु, वंदना शर्मा,पूनम ,मंजू, आशु रानी ,आरती, निधि शर्मा, कविता आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

# लायंस क्लब के अध्यक्ष बने वेदप्रकाश भारद्वाज



नेशनल प्रेस टाइम्स

बागपत।नगर के मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में लांस क्लब के आकर्षण की वर्ष 2025-26 की साझेदारी के सिलसिले में लांस क्लब के स्मारक की बैठक हुई।

लायंस क्लब के पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सांगल ने इसमें भाग लिया संप्रदाय से सुप्रसिद्ध समाज सेवी वेदप्रकाश भारद्वाज को लायंस क्लब का अध्यक्ष और विजयपाल यादव को सचिव चुना गया। इसके अलावा हकदार परमवीर वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय शर्मा, सदस्य सदस्य रॉबट्र्स इब्राहिम, अर्थशास्त्री राजपाल शर्मा, सदस्य राम प्रकाश शर्मा, महेश शर्मा और डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त सभी क्रोमालियन का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मंत्री पर राजेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह, राजपाल शर्मा, परमवीर वर्मा और विजयपाल यादव को विशिष्ट व्यक्ति की डिग्री दी गई है। इस मौके पर समाज सेवी नीरज नैन, डॉ. सुरेश चंद कुमार, प्रिंस शर्मा, धीरज बैसाखी, राजेंद्र यादव, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हमने तुम्हें धन्यवाद तक नहीं कहा – बच्चों ने लिखी प्रकृति को दिल की ंबात

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।

बागपत/प्रतापगढ़ - आज प्रतापगढ़ से ह्लएक पत्र प्रकृति के नाम अभियान का भावनात्मक और संकल्पपूर्ण शुभारंभ हुआ। यह अभियान भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत नेचर ग्रीन फ्यूचर ट्रस्ट एवं उड़ान यूथ क्लब के सहयोग से प्रारंभ हुआ है, जो एक राष्ट्रीय जनभागीदारी अभियान का रूप लेने वाला है। इसका उद्देश्य देशभर के युवाओं को प्रकृति से एक आत्मीय संवाद की ओर प्रेरित करना है।

इस अभियान की विशेष बात यह है कि देशभर से 11,000 से अधिक पत्रों को संकलित कर उन्हें आगामी 5 जून – विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा जाएगा। यह अभियान 5 जून तक पूरे भारत के विभिन्न विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ऑनलाइन माध्यमों में चरणबद्ध रूप से संचालित होगा। अभियान की शुरूआत सोमवार को प्रतापगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में हुई, जहाँ बच्चों ने कलम उठाकर प्रकृति माँ को पत्र लिखे। इस पहल का नेतृत्व राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित दो युवा पर्यावरणविद् – प्रतापगढ़ के सुंदरम तिवारी और बागपत के अमन कुमार कर रहे हैं।

डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, दिलीपुर और कंपोजिट विद्यालय, घीनापुर दमदम में आयोजित सत्रों में 700 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने मन की बात कागज पर उतारी। बच्चों के पत्रों में भावनाएँ थीं, पश्चाताप था, और भविष्य के लिए संकल्प भी। किसी ने लिखा – प्यारी प्रकृति, माफ करना, हमने तुम्हारा ध्यान नहीं रखा। किसी ने सवाल किया – जब पेड़ हमें जीवन देते हैं, तो लोग उन्हें क्यों काटते हैं? और कई बच्चों ने वादा किया – मैं अब थमाकोल की प्लेट नहीं लूँगा, खुद अपनी बोतल लाऊँगा, हर साल एक पेड़ लगाऊँगा। कुछ पत्रों में चित्र थे – फूल, नदी, रोती हुई धरती। एक बच्चे ने लिखा – तुमने हमें सब कुछ दिया, हमने तुम्हें ह्यधन्यवादह्ण तक नहीं कहा। यह सिर्फ लेखन नहीं था, यह संवेदना की पुनर्स्थापना थी।

पर्यावरणविद् सुंदरम तिवारी ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा – कब आखिरी बार तुमने मिट्टी को हाथ से छुआ? उनके शब्दों ने बच्चों के भीतर सोच का बीज बोया। उन्होंने समझाया कि पानी की बबार्दी रोकना, प्लास्टिक से परहेज, और प्रकृति से जुड़ाव – छोटे कदम हैं, लेकिन उनका असर बहुत बड़ा हो सकता है। प्रधानाचार्य मनोज तिवारी ने कहा – बच्चे प्रतियोगिता के लिए नहीं, दिल से लिख रहे थे। उन्होंने इसे एक ऐसा अनुभव बताया जिसमें किताबों से परे बच्चों की चेतना को झकझोरा गया। शिक्षिका गायत्री त्रिपाठी ने कहा – संवेदनशीलता पाठ्यक्रम से नहीं, ऐसे अनुभवों से आती है। कार्यक्रम में शिक्षकों की एक समर्पित टीम – प्रवीण सिंह, शिव शंकर निगम, सरवेश सिंह, प्रखर शुक्ला, अजय पांडे, विनय रंजन ओझा, विनोद पांडे, सतीश पांडे, राजेश पांडे, अभिषेक शर्मा, राज गौरव तिवारी – बच्चों को मार्गदर्शन देते रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर बन रही है भावनाओं की श्रृंखला- यह केवल प्रतापगढ़ तक सीमित पहल नहीं रही। देशभर में इस अभियान से दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज, समृद्ध संस्कृति फाउंडेशन, 'मेरा युवा भारत' सहित अनेक संस्थान जुड़ रहे हैं। ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतिभागी अपने पत्र भेज सकते हैं, और सभी को डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। सभी संकलित पत्र न केवल प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे जाएंगे, बल्कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी साझा किया जाएगा ताकि बच्चों की भावनाएँ पूरे देश के नागरिकों तक पहुँचें, और एक साझा चेतना का निर्माण हो सके।

# सेंट एंजेल्स के खिलाडियों ने रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में लहराया परचम

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



बागपत। सेंट एंजेल्स के प्रतिभाशाली खिलाडी रेयान, कार्तिक, अविराज व अवयुक्त ने हरियाणा के सोनीपत में स्थित किरोरीमल पब्लिक स्कूल में 18 मई 2025 को सम्पन्न हुई बारहवी शॉर्ट ट्रैक इन्टर स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 में तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतकर स्कूल व जनपद का नाम रोशन किया। स्केटिंग चैम्पियनशिप में अन्डर-8 आयु वर्ग के बालक वर्ग मे 300 मीटर स्केटिंग रेस प्रतियोगिता में रेयान ने स्वर्ण पदक, अन्डर-10 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 300 मीटर स्केटिंग रेस प्रतियोगिता में कार्तिक ने स्वर्ण पदक, अंडर-12 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 300 मीटर स्केटिंग रेस प्रतियोगिता में अविराज ने स्वर्ण व अवयुक्त ने कांस्य पदक प्राप्त किया। स्कूल प्रबन्धक अजय गोयल ने विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सनोज चौहान, अजीत, राजीव, बबलेश, प्रदीप, इमरान, अक्षय, कुलदीप, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# बिना डॉक्टर के संचालित हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत

मैनपुरी/कुरावली।* नगर के घिरोर रोड नहर पुल से आगे बिना डॉक्टर के संचालित होने वाले प्राइवेट नीलकंठ हॉस्पिटल में एक प्रसूता की मौत हो गई, परिजनो ने हंगामा काटते हुए हॉस्पिटल संचालको पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध थाने में तहरीर दी, पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। औंछा थाना क्षेत्र के गांव नगला देशी निवासी शिवमंगल सिंह ने अपनी पत्नी राजवती को प्रसव पीड़ा होने पर 13 मई को कुरावली के घिरोर रोड स्थित नीलकंठ हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां पर राजवती ने ऑपरेशन के बाद एक बच्चे को जन्म दिया था, उसके बाद प्रसूता राजवती की हालत में सुधार नहीं हुआ था, शिवमंगल सिंह का आरोप है कि कई बार हालत बिगड़ने पर उसके द्वारा हॉस्पिटल में मौजूद डॉक्टरो से इलाज करने के लिए कहा गया, लेकिन इन्होने इलाज नहीं किया, उसके बाद रेफर करने के लिए कहा गया, लेकिन हॉस्पिटल संचालको ने रेफर भी नहीं किया, 17 मई की रात को प्रसूता राजवती की हालत ज्यादा बिगड़ी तब वह बैड पर पैर पटकने लगी, तब नीलकंठ हॉस्पिटल के संचालक अनिल कुमार और मिथलेश व डॉ. दुष्यंत कुमार उर्फ सोनू ने प्रसूता के हाथ पैर बांध दिए, और उसके साथ मारपीट की, पीड़ित का कहना है कि उसी रात को प्रसूता राजवती की मौत हो गई। पीड़ित ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने प्रसूता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष पर महिला सशक्तिकरण को समर्पित रंगारंग कार्यक्रम



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।

मोदीनगर। रानी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्म वर्ष के स्मरण में आयोजित महिला सशक्तिकरण दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पी.बी.ए.एस. कन्या इंटर कॉलेज, आदर्श नगर में संपन्न हुआ। यह आयोजन नारी शक्ति के गौरव और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल जी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जी, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरती मिश्रा तथा जिला उपाध्यक्ष महिला पिंकी चौधरी उपस्थित रहीं। स्कूल की प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।

छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से रानी अहिल्याबाई की विरासत को जीवंत किया, दौड़ के जरिए महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का संदेश भी पूरे उत्साह से दिया। विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं इस प्रेरणादायक आयोजन में सम्मिलित रहीं।

# 21 दिन की तपस्या में लीन महंत, पाकिस्तान और आतंकवाद के खात्मे की कर रहे प्रार्थना

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।

गाज़ियाबाद हिंडन विहार स्थित शिव मंदिर के महंत मछिंद्रपुरी बाबा ने 21 दिन की विशेष अग्नि तपस्या शुरू की है, जो 19 मई से 8 जून तक चलेगी। तपस्या के दौरान बाबा अग्नि की चारों ओर जलती ज्वालाओं के बीच बैठकर साधना करेंगे।

महंत मछिंद्रपुरी बाबा ने बताया कि उन्हें इस तपस्या के लिए प्रेरणा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से मिली। उन्होंने कहा कि यह तपस्या पाकिस्तान और आतंकवाद के अंत के लिए की जा रही है, साथ ही पूरे देश और समाज के कल्याण की भी प्रार्थना की जा रही है।



गर्मियों की तीव्र लू और जलती अग्नि के बीच बाबा की यह कठोर साधना लोगों के बीच आस्था, श्रद्धा और चर्चा का केंद्र बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह तपस्या देशभक्ति और आध्यात्मिक साधना का अद्वितीय संगम है।

तपस्या स्थल पर सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। हजारों श्रद्धालु बाबा की परिक्रमा कर आशीर्वाद ले रहे हैं। वहीं, आसपास की महिलाएं भजन-कीर्तन में लीन हैं, जो पूरी तपस्या अवधि तक जारी रहेगा।

**तिरंगा यात्रा** | गोविन्दपुरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई

# भारतीय सेना के पराक्रम को किया नमन

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,।

मोदीनगर मातृभूमि सेवा संघ द्वारा भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में गोविन्दपुरी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत शहीद मेजर सतीश दहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। समापन भगत सिंह चौक पर भारत माता की प्रतिमा के समक्ष आरती के साथ किया गया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों से



माहौल को देश प्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली भी इस देशभक्ति यात्रा में शामिल रहे और देश के जवानों को नमन किया।

मातृभूमि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों का सफाया कर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को सैनिकों के इस अद्भुत साहस और समर्पण पर गर्व होना चाहिए।

इस मौके पर लोकेश ढोडी, विकास भारतीय, नीरज शर्मा, सिद्धार्थ ठाकुर, पवन शर्मा, मोहित सोनी,आशुतोष सक्सेना, डॉ. रूपा त्यागी, खुशाल नेगी, पवन चौधरी, डॉ. राहुल, अविनाश झा, विनय सिंघल, योगेश, पुनीत बत्रा, नितिन शर्मा, प्रदीप पांडे, शिवम कोहली और आलोक ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## कोर्ट ने कहा, पैदल रास्ता संवैधानिक अधिकार

सड़क पर तेज रफ्तार दौड़ती कारों और अतिक्रमण की भेंट चढ़े फुटपाथों पर पैदल यात्रियों का चलना अब दुश्वार हो चला है। यही वजह है कि बुजुर्ग लोग सड़कों पर आने से डरते हैं और घरों तक सिमटकर रह जाते हैं। वे फुटपाथ न होने के कारण सड़कों पर चलते हैं और अनियंत्रित गति वाले वाहनों के शिकार हो जाते हैं। अदालत में दिए गए एक आंकड़े के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले करीब बीस फीसदी लोग पैदल यात्री होते हैं। इन हालात में दिव्यांग लोग कैसे सड़कों पर निकल सकते हैं, ये कल्पना से परे है। देश के करोड़ों मूक पैदल यात्रियों को आवाज देने के मकसद से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने सख्त लहजे में कहा कि फुटपाथ की सुविधा लोगों का संवैधानिक अधिकार है। पीठ ने केंद्र व राज्यों को कहा कि दो महीने में सुनिश्चत करें शहरों व गांवों में पैदल चलने वालों के लिये साफ, अतिक्रमण मुक्त और दिव्यांगों के अनुकूल फुटपाथ उपलब्ध हों। सभी सार्वजनिक सड़कों पर उपयुक्त फुटपाथ बनाना और उनसे अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों से कहा कि वे बताएं पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उसके पास क्या नीति है। कोर्ट ने दो महीने में रिपोर्ट देने को कहा है। शीर्ष अदालत ने मुंबई हाईकोर्ट की ओर से पहले से जारी दिशा-निदेर्शों को आदर्श मानते हुए अन्य राज्यों से इसे अपनाने को कहा।

दरअसल, कोर्ट भी इस बात से सहमत दिखा कि जब फुटपाथ नहीं होते तो गरीब, बुजुर्ग,बच्चे और दिव्यांगजन मजबूरी में सड़कों पर चलते हैं। वे भीड़भाड़ में हादसों का शिकार हो जाते हैं। अदालत ने कहा कि यह केवल यातायात का मुद्दा नहीं है,यह जीवन का अधिकार है। ये उन करोड़ों भारतीयों के लिए एक उम्मीद है जो जान जोखिम में डालकर सड़कों पर चलते हैं। अब हर कदम पर सुरक्षित और जीवन की अहमियत होनी चाहिए। निस्संदेह, देश में फुटपाथों की दुर्दशा, अतिक्रमण और दिव्यांगों की लाचारी किसी से छिपी नहीं है। अकेले वर्ष 2022 में 77 हजार पैदल यात्रियों के साथ हुई दुर्घटना में करीब 32,797 की मृत्यु हुई और 34 हजार गंभीर रूप से घायल हुए। निस्संदेह, कोर्ट ने पैदल चलने वाली करोड़ों की मूक बिरादरी को संवैधानिक आवाज देने देने की सार्थक पहल की है। विडंबना यह है कि देश की राजधानी दिल्ली में अस्सी फीसदी पैदल मार्गों पर रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों व गाड़ी वालों ने कब्जा कर रखा है। इस वर्ष हर माह करीब 48 पदयात्री सड़क दुर्घटना में मारे गए। यही वजह है कोर्ट ने फुटपाथ को संवैधानिक अधिकार बताते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा बताया। जिसे केंद्र व राज्य सरकारों को पैदल यात्रियों के लिये इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के लिए सिर्फ छह माह का समय दिया है।

# मैं बागपत हूँ - खंड 8ः मेरा जन्म, मेरा विकास और मेरी भावनात्मक कहानी

**लेखकः सुरेंद्र मलानिया/प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स**

**लेखक की ओर से दो शब्द**

मैं बागपत हूँ₹ लेखमाला को पाठकों से जिस तरह का प्रेम और सराहना मिली है, उसके लिए मैं कृतज्ञ हूँ। इस कड़ी को प्रकाशित करने के लिए ह्नेशनल प्रेस टाइम्सह्व का विशेष आभार जिसने इस श्रृंखला को जन-जन तक पहुँचाने का उत्तरदायित्व निभाया और बागपत की मिट्टी की खुशबू को कागज पर सहेजा।
अब तक के सात खंड  एक झलक में
1. खंड 1-  बरनावाः जहाँ महाभारत की गूंज अब भी सुनाई देती है  लाक्षागृह की अग्नि और पांडवों की युक्तियाँ इसी भूमि पर सजी थीं।
2. खंड 2 - सिनौलीः भारत के इतिहास की नींव में दबी योद्धाओं की हड्डियाँ और रथों की परछाइयाँ  एक खोया वैभव फिर से मिला।
3. खंड 3-  अमीनगर सरायः यात्रियों की सराय से क्रांतिकारियों के अड्डे तक  इतिहास के हर युग की गवाही दी इसने।
4. खंड 4 - माया त्यागी कांडः नारी अस्मिता पर हमला, और फिर एक जागरूक बागपत जिसने अन्याय के विरुद्ध न्याय की मशाल उठाई।
5. खंड 5 - चरण सिंह और बागपतः धरतीपुत्र का उदय  जो न केवल किसान का बेटा था, बल्कि भारत का प्रधानमंत्री बना।
6. खंड 6-  बसौद  बागपत का क्रांतिकारी गांवः ह्यदिल्ली चलोह्व की गर्जना, रसद की गुप्त तैयारी, खूनी तालाब और वह बरगद जहाँ फांसी दी गई  इतिहास यहाँ खून से लिखा गया।
7. खंड 7-  बड़का  शाहमल का मौन स्मारकः जहाँ आजादी के लिए लड़ी गई पहली लड़ाई का साक्ष्य मौन खड़ा है  और बिजरौल, बड़ौत के खेतों में आज भी वह ललकार गूंजती है।

खंड 8 - मेरा जन्म, मेरा विकास और मेरी भावनात्मक कहानी
मैं बागपत हूँ। मुझे एक दिन में जन्म नहीं मिला। मेरा जन्म सदियों की सभ्यताओं के गर्भ से हुआ। जब महाभारत की गाथा रची जा रही थी, जब पांडवों ने लाक्षागृह की आग से बचने के लिए सुरंग बनाई  उस दिन से मेरा अस्तित्व धरती पर दर्ज हो गया। मेरा पहला नाम था ह्यव्याघ्रप्रस्थह्व  बाघों का बसेरा। फिर समय की चाल बदली, और लोग मुझे पुकारने लगे ह्यबागपतह्व  बागों और पथों का संगम। मेरे नाम में जो सौंदर्य है, वह मेरी आत्मा का परिचय है  जहां बाग भी हैं और रास्ता भी। बागपत केवल एक भूगोल नहीं, एक विचार है  स्वतंत्रता, संघर्ष, संस्कार और समर्पण का। मैंने मुगलों की सल्तनत भी देखी और फिरंगियों की फौजें भी। मैंने बगावतें देखीं, बलिदान देखे, और हर जुल्म के आगे झुके बिना खड़ा रहा।

1997 में मुझे ज़िला घोषित किया गया  यह मेरे लिए किसी बच्चे के जन्म जैसा था। मैं अपने आसपास के गाँवों को अपनी बाहों में समेटकर ज़िला बना, और तब से अब तक अनगिनत कहानियाँ मेरे आँचल में बसी हैं।मैंने चरण सिंह को प्रधानमंत्री बनते देखा, जो मेरी धरती का बेटा था।

मैंने माया त्यागी के साथ हुए अत्याचार को देखा और फिर बागपत की सड़कों पर न्याय की हुंकार सुनी। मैंने किसानों को दिल्ली जाते देखा, और उनके हाथों में नारे नहीं  ज़िद थी, सम्मान की। आज मैं ए ज़िला हूँ  लेकिन आत्मा से वही पुराना व्याघ्रप्रस्थ हूँ। मेरे बच्चे खेत में हल चलाते हैं, अखाड़े में दांव लगाते हैं, और कलम से क्रांति लिखते हैं। मैं बागपत हूँ। मैं केवल ज़िला नहीं  संघर्ष, संस्कृति और स्वाभिमान की जीवित प्रतिमा हूँ। खंड 9 की आहट  बागपत की संस्कृति, साहित्य और खेल प्रतिभा अगली कड़ी में प्रस्तुत होगाः बागपत के कवि, लेखक और लोक कलाकारों की रोचक झलकियाँ बागपत के खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियाँ लोक परंपराओं  रागनी, चौपाल, हाट-बाजार, नौटंकी  और उनकी बदलती दुनिया यह खंड होगा  एक सलामी बागपत की रचनात्मक आत्मा को। अंत में  मेरा परिचय -\मैं हूँ वो मिट्टी, जिसमें रथ दौड़े थे, और कविताएं उगी थीं। मैं हूँ वो हवा, जिसमें आजादी की गूंज आज भी ताजा है।
मैं हूँ वो धरती, जहाँ बेटियाँ लड़ती हैं, बेटे बोते हैं, और बुजुर्ग कहानियाँ सुनाते हैं।\ मैं बागपत हूँ। मेरा इतिहास ही मेरी पहचान है  और मेरी पहचान है मेरा गर्व।
जय बागपत! जय भारत!

**(पत्रकार एवं लेखक) (प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स)**

## ट्रंप हमारे ठेकेदार नहीं

क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाकिस्तान के मसलों के ठेकेदार हैं? क्या अमरीका की रणनीतिक दोस्ती के मायने और निहितार्थ यही हैं? क्या अमरीका से दोस्ती खतरनाक और दुश्मनी घातक है? आखिर ट्रंप की मध्यस्थता की मंशा क्या है? दरअसल ये तमाम सवाल स्वाभाविक हैं। युद्धविराम पर विपक्ष यही सवाल कर रहा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधनों में ह्ययुद्धविरामह्व या ह्यसीजफायरह्व शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है, लेकिन गोलीबारी न करने अथवा सैन्य कार्रवाई न करने का समझौता दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुआ है। जाहिर है कि संबद्ध प्रधानमंत्री ने ऐसे निर्देश दिए होंगे! फिलहाल हमलों की गर्जनाएं दोनों तरफ शांत हैं। यही तो युद्धविराम है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि भारत-पाक द्वारा अधिकृत घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा कैसे कर दी? और प्रधानमंत्री मोदी इस पर बयान देकर संदेहों और सवालों को खत्म क्यों नहीं कर रहे हैं? हमें 1971 का दौर भी याद आ रहा है, जब 16 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अचानक युद्धविराम की घोषणा कर दी थी। भारत-पाकिस्तान युद्ध जारी था और हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान की फौज का कचूमर निकाल दिया था। करीब 93,000 पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। तब भी भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आगे बढ़ सकती थी। भारत अपने कब्जाए कश्मीर को वापस अपने अधिकार-क्षेत्र में ले सकता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने युद्ध को रोक दिया। यही नहीं, 1972 में शिमला समझौता वार्ता में भी कश्मीर का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मौजूदा दौर में भी ऐसे ही सवाल हैं कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर तक पहुंच कर अपना हिस्सा वापस ले सकता था, पाक फौज को और भी कुचला और तबाह किया जा सकता था, ऐसे में अमरीका की ओर से क्या दबाव दिया गया कि युद्धविराम घोषित करना पड़ा? भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी लीपापोती वाला स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन सिंदूरके दौरान प्रधानमंत्री मोदी से अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो आदि ने फोन पर बातचीत की, लेकिन व्यापार संबंधी कोई बात नहीं हुई। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार की धमकी दे रहे हैं कि उसी आधार पर उन्होंने युद्धविराम के लिए भारत-पाक को सहमत कर लिया। व्यापार का संदर्भ है, तो भारत-अमरीका के बीच करीब 10 लाख करोड़ रुपए का ही कारोबार होता है। भारत करीब 6.50 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करता है, जबकि करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए का आयात किया जाता है। अमरीका और पाकिस्तान के दरमियान करीब 61,989 करोड़ रुपए का व्यापार किया जाता है। अमरीका से करीब 43,307 करोड़ रुपए का आयात पाकिस्तान करता है। छोटा हिस्सा पाकिस्तान निर्यात करता है। क्या सिर्फ इसी आधार पर कोई देश युद्धविराम सरीखा अमरीकी निर्देश मान सकता है? भारत-अमरीका के बीच व्यापार-सौदे की बातचीत जारी है।

# जीएलए विश्वविद्यालय छात्रों को देता है रोजगार परक शिक्षा : नीरज अग्रवाल

### आर आई सी टी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन पर हुआ स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

जीएलए विश्वविद्यालय के सीईओ श्री नीरज अग्रवाल का स्वागत आर आई सी टी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन अम्बेडकर रोड  पर किया गया इस अवसर पर श्री नीरज अग्रवाल ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जीएलए विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा समस्त भारत में 18वा स्थान प्राप्त हुआ है जो की विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है विश्वविद्यालय रेगुलर शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा भी प्रदान कर रहा है जिसके माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं को देश-विदेश में ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त हो रही है जिसके द्वारा वह छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को ऊंचाइयों की ओर ले जा



पा रहे हैं  श्री नीरज अग्रवाल विश्वविद्यालय के सीईओ होने के साथ ही बहुत बड़े मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं जिनके फॉलोअर्स की संख्या लाखों में है उन्होंने कहा कि अगर कोशिश पूरी नहीं हो रही है तो यकीन मानिएगा की पूरी कोशिश नहीं हो रही है ..

इस अवसर पर जीएलए विश्वविद्यालय से श्री मुकुल महाजन, श्री अनुकूल चंद्रा एवं आर आई सी टी इंस्टिट्यूट से निदेशक श्री विजय कौशिक, डी आई एम टी इंस्टिट्यूट के निदेशक श्री तरुण शर्मा , नीलम, ज्योति, अंशु, नीरू, एवं गौरव शर्मा उपस्थित रहे साथ ही साथ कराटे वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव श्री राजीव मुंडेलवाल एवं उनके कोचो के द्वारा नीरज जी का बहुत ही शानदार तरीके से स्वागत किया गया एवं कराटे वेलफेयर सोसाइटी की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई

# सबसे कम उम्र के हिमालय वुड बैज धारी बने हरप्रीत सिंह

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**



दिल्ली राज्य भारत स्काउट व गाइड के रोवर लीडर हरप्रीत सिंह दिल्ली में सबसे कम उम्र के हिमालय वुड बैज धारी हो गए हैं जो दिल्ली स्काउटिंग के लिए गौरव की बात है ` स्काउटिंग के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण विषम परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर ये मुकाम हासिल किया है` हरप्रीत सिंह ने कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र , पंचमढ़ी  में दिनांक 6 मई 2025 से 12 मई 2025 तक आयोजित हिमालय वुड बैज कोर्स रोवर शाखा में सभी महत्वपूर्ण और विषम परीक्षा दी , जिसका परिणाम दिनांक 15 मई 2025 को राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र , पचमढ़ी द्वारा घोषित किया गया`  जिसमें हरप्रीत सिंह ने अच्छे अंकों के साथ इस परीक्षा को पास कर लिया` हरप्रीत सिंह दिल्ली के सबसे कम उम्र के युवा है जिन्होने स्काउटिंग के क्षेत्र में अधिक महत्वपूर्ण हिमालय वुड बैज की परीक्षा पहले प्रयास में ही उत्तीर्ण की है` इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर दिल्ली स्काउट व गाइड के पदाधिकारियों ने बधाई दी और भविष्य में ऐसे ही उपलब्धि हासिल करते रहने का आशीर्वाद दिया ।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है : असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



बाराबंकी। शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता होता है, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है, शिक्षक नवाचारों का जनक भी होता है, नवान्वेषण से वह समाज को नयी दिशा प्रदान करता है। उक्त विचार रामनगर पी०जी० कॉलेज रामनगर बाराबंकी में शोध एवं प्रभारी कक्ष के उ?द्घाटन करने तथा बी०एड० एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ₹राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों की भूमिका₹ विषय पर बौद्धिक परिचर्चा करते हुये श्री असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने व्यक्त किये। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा प्रभारी कक्ष का भव्य उद्घाटन माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मा. राज्यमंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में कमियां पाए जाने पर संबन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय परिसर में हरिशंकरी समूह के वृक्षों (पीपल, पाकड़, बरगद) का रोपण भी किया गया। अतिथियों का स्वागत, आयोजक डॉ० आजाद प्रताप सिंह ने करते हुये राज्य मंत्री से छात्रावास के नवीनीकरण की मांग की। माननीय राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग तथा छात्रावास के नवीनीकरण हेतु वांछित धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। समारोह में आये अतिथियों का आभार बी०एड० विभागाध्यक्ष प्रो० कृष्ण कुमार सिंह ने किया। समारोह का कुशल संचालन डॉ० अखिलेश ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो० सुनीत कुमार सिंह, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ० विश्वेश कुमार मिश्र, डॉ० अमरजीत सिंह, डॉ० कृष्ण प्रताप सिंह, डॉ० पंकज जायसवाल, रानी सैनी, डॉ० शैलजा दीक्षित आदि की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र तथा आयोजक डॉ० आजाद प्रताप सिंह ने मंत्री का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव, उपजिलाधिकारी रामनगर विवेकशील यादव, श्रेत्राधिकारी गरिमा पंत, संतोष कुमार सिंह, मुख्य नियन्ता डॉ० राम कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने लिया लाइब्रेरी का जायजा व बच्चों से किया संवाद

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी,मसौली। सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव का स्थलीय जायजा लेते हुए लाइब्रेरी मे शिक्षारत बच्चो से संवाद किया तथा लाइब्रेरी मे पंचायत राज विभाग द्वारा सहयोग का आशासन दिया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम ने सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव पहुंच कर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो से जन्म मृत्यु पंजीकरण की जानकारी ली तथा सी एस सी से ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं को जन- जन तक पहुंचाने के निर्देश दिये। पंचायत भवन मे ग्राम पंचायत द्वारा संचालित लाइब्रेरी मे पढ़ रहे बच्चो से संवाद करते हुए अभी हाल ही मे पुलिस भर्ती मे नौकरी पाने वाले विशाल से आगे की तैयारी के बारे मे जानकारी ली लाइब्रेरी मे पढ़ाई कर रही करीब आधा दर्जन से अधिक लड़कियो से सब्जेक्ट वार जानकारी ली तथा मन लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद दिया। ए डी ओ पंचायत ने गांव की साफ सफाई का जायजा लेते हुए सफाईकर्मी लज्जावती से नियमित सफाई कार्य करने के निर्देश दिये। वही आर आर सी केंद्र पर कूड़ा संकलन एव प्रथकीकरण कार्य करने वाले राहुल वाल्मीकि एव नन्हा से प्रतिदिन कचरा पात्रों की सफाई एव कूड़ा प्रथकीकरण करने के निर्देश दिये इसके पश्चात आगामी 21 मई को जिलाधिकारी के संभावित कार्यक्रम को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव की सफाई का जायजा लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो आदि लोग मौजूद रहे।

# पशुधन मंत्री के खिलाफ भड़के हिंदू संगठन, बरेली में थाने का घेराव किया

**नैशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बरेली। आंवला में पुलिस ने पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोपी विहिप नेता आशीष पाठक को हिरासत में लिया है। सोमवार को सुबह जनसुविधा केंद्र से उसे हिरासत में लिया गया। इसकी खबर मिलते ही हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश फैल गया। विहिप और बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता थाने पहुंचे।कार्यकताओं ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर विरोध जताया। पशुधन मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। थाने में हंगामे की स्थिति बनने पर एसडीएम और सीओ भी मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने वाले लोगों से बात की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद सभी कार्यकर्ता तहसील पहुंच गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# बाराबंकी में धर्मांतरण मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल और कार बरामद



**नैशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सफदरगंज पुलिस ने धर्मांतरण के एक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मदपुर निवासी ज्ञानंजय गौतम, रामसनेहीघाट के श्याम सुंदर रावत, जैदपुर के राधेश्याम गौतम शामिल हैं। इसके अलावा दुर्जनपुर पट्टी से शिवानी और रेखा को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल (वढ 41 अ 5706) और एक वैगनार कार (वढ 32 दऊ 8735) बरामद की है। यह मामला थाना सफदरगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 261/2025 से संबंधित है।

# मिशन रोड सेफ्टी के अंतर्गत, मुरादाबाद में दुर्घटना का डर नहीं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।साइन बोर्डों का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। यह कदम मिशन रोड सेफ्टी के तहत उठाया गया है।

आज मिशन रोड सेफ्टी के अंतर्गत मुरादाबाद में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय मुरादाबाद के आदेश अनुसार और यातायात पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, एनएच 9 पर यातायात जागरूकता संबंधी रेट्रो रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

इन साइन बोर्डों का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। यह कदम मिशन रोड सेफ्टी के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और दुर्घटनाओं को कम करना है इस कदम से उम्मीद है कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा सकेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकेगी

क्या है? मिशन रोड सेफ्टी

मिशन सेफ्टी रोड एक पहल है जिसका उद्देश्य



सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। यह पहल सरकार, पुलिस, और अन्य संबंधित एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाई जाती है

मिशन रोड सेफ्टी के मुख्य उद्देश्य हैं:

**मिशन रोड सेफ्टी के उद्देश्य**

1. सड़क दुर्घटनाओं को कम करनाः मिशन सेफ्टी रोड का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है।

2. सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देनाः यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए की जाती है।

3. यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करनाः मिशन सेफ्टी रोड के तहत यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाते हैं।

4. जागरूकता अभियान चलानाः यह पहल जागरूकता अभियान चलाती है ताकि लोग सड़क सुरक्षा के महत्व को समझ सकें।

मिशन रोड सेफ्टी के कार्य

1. यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करनाः मिशन सेफ्टी रोड के तहत यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाते हैं।

2. सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलानाः यह पहल जागरूकता अभियान चलाती है ताकि लोग सड़क सुरक्षा के महत्व को समझ सकें।

3. सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कदम उठानाः मिशन सेफ्टी रोड के तहत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कदम उठाए जाते हैं।

4. सड़क सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करनाः यह पहल सड़क सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करने के लिए काम करती है।

# जीपीएस के माध्यम से हो रहा किसानों का गन्ना सर्वे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत त्रिवेणी चीनी मिल गन्ना विकास परिषद मिलक नारायणपुर, क्षेत्र का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान ग्राम मिलक बैरागी मे जीपीएस/HHC से हो रहे गन्ना सर्वे का निरीक्षण किया. सर्वे मे राजकीय स्टाफ गन्ना पर्यवेक्षक और चीनी मिल स्टाफ उपस्थित मिले कृषको को सर्वे स्लिप जारी की जा रही हैं. कृषक जुनेज अहमद का ऑटम प्लाट देखा, खेत मे टॉप बोरर कण्ट्रोल हेतु कोलेट्रिनिपोल कोराजन (शिमो) की शिल्लूँल्लं की गई है. तथा ग्राम धर्मपुर उत्तरी में ट्रेच विधि से बुवाई और पेड़ी प्लाट सतनाम सिंह प्रजाति ङ्क0118 एवं प्रजाति 14201 के प्लाट को देखा.



प्लॉट में कोई रोग व्याधियों नहीं पायी तरुण कुमार सहफसली प्लॉट (गन्ना +मूंग) पैड़ी प्रजाति 0118 एवं प्रजाति ङ्क२ 17231 का प्लॉट भ्रमण के दोरान त्रिवेणी चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक( गन्ना) देवेन्द्र सिंहऔर अन्य चीनी मिल अधिकारियों विभागीय कार्मिकों को गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट यथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों संबंध में किसानों को जागरूक करने के साथ साथ फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं प्रदान करने हेतु निर्देशितकिया।

क्षेत्रीय भ्रमण के दोरानकृषको सहित सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल स्टॉफ भी शैलेश कुमार मौर्य जिला गन्ना अधिकारी रामपुर

# अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ 22 को होगी तैयारियां पूर्ण

बरेली। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सम्पूर्ण भारतवर्ष में 103 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनका माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा 22 मई, 2025 को विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन की तैयारियों को लेकर इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने हाथरस सिटी एवं उझानी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किये गये पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। हाथरस सिटी एवं उझानी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता परखी और संबंधित को निर्देश दिया। उन्होंने हाथरस सिटी एवं उझानी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के नियमित वीआईपी रूम महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालय कक्ष, प्लेटफार्म के विस्तारीकारण, यात्री छाजन एवं स्टेशन पर लगी पीपी शेल्टर एवं आरसी बेंचेज, वाटर बूथ, डस्ट बीन, पंखे एवं विद्युत प्रकाश समेत स्टेशन सुंदरीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित को निर्देश दिया। उन्होंने स्टेशन भवन एवं स्टेशन परिसर में साफ-सफाई रखने एवं कूड़ा-कचरा प्रबंधन का सख्त निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, इज्जतनगर डॉ. यू. नाग, वरिष्ठ मंडल सिंगनल एवं दूर संचार इंजीनियर प्रवेश कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (यांत्रिक) शुभम कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-।। विपिन कुमार यादव, मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव एवं उप मुख्य परियोजना प्रबंधक ए.के. सिंह सहित पर्यवेक्षक एवं रेल कर्मी उपस्थित थे।

# पर्वतीय समाज में मनोनयन हुआ

**नेशनल प्रेस टाइम , ब्यूरो**

बरेली, पर्वतीय समाज का अधिवेशन हुआ।इसमें सलाहकार कुँवर सिंह बिष्ट, संरक्षक कर्नल एम.सी. पंत,भुवन चन्द्र, कैप्टन खीम सिंह बथयाल, कर्नल प्रेम बल्लभ मिश्रा ,गिरीश चंद्र पाण्डे, सूबेदार मेजर जीत सिंह बोहरा, कैप्टन मोहन सिंह बिष्ट, डॉ. मान सिंह नेगी, महेश चन्द्र खर्कवाल, भूपाल सिंह बिष्ट।छेत्रिय सचिव सुंदर सिंह मेहरा, विनोद तिवारी, दीपक सिंह धोनी, अशोक उप्रेती, आनंद सिंह मेहता, किशन सिंह नेगी, ललित नैनवाल, पी. एस. बोनाल।अंकेशक गोपाल सिंह राणा,महिला प्रकोष्ठ छेत्रिय सचिव माया बिष्ट, सोमा परिहार।मनोनीत सदस्य बिशन सिंह बिष्ट।इस सभा में मुख्य रूप से दीवानी चंद,पूरन सिंह दानू, देवेन्द्र रावत,पुष्कर सिंह बोहरा, इन्द्र सिंह बिष्ट, संजय सिंह परमार, तारा दत्त जोशी,पूरन सिंह मेहरा, गोधन सिंह बिष्ट, रमेश चन्द्र शर्मा, भुवन चन्द्र पाण्डे, बालम सिंह मेहरा, उमेश बिनवाल, महेश पाण्डे, बालम सिंह बिष्ट, पूरन चन्द्र जोशी, प्रमोद पंत, प्रभात गैरोला, मदन सिंह बिष्ट, डीकर सिंह बिष्ट, प्रदीप तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, आशा रावत, कमला कबड़वाल, बबिता सती, अतुल डालाकोटी, भुवन चन्द्र पाण्डे, प्रमोद पंत आदि उपस्थित रहे।



# कोतवाल ने नगर में भ्रमण के दौरान चौराहों पर कैमरों को किया चेक व लोगों से शांति को मांगा सहयोग

## तीसरी आंख को मजबूत करने के लिए प्रभारी निरीक्षण ने दिया जोर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने सोमवार को नगर के मोहल्ले में भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान जन सहयोग द्वारा सामूहिक जगह पर कैमरों का निरीक्षण किया व उनकी गुणवत्ता को जांच व परखा इसके साथ-साथ नगर के गणमान्य एवं आम लोगों से भी प्रभारी निरीक्षक ने वातालाॅप की, वातालाॅप के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आजकल देश के हालात एवं माहौल को देखते हुए किसी भी तरह की कोई भी सोशल मीडिया पर टीका टिप्पणी ना करें व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि अपने नगर की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें 'अगर नगर में कहीं पर भी किसी तरह की अवैध गतिविधि पाई जाए तो पुलिस को सूचित करें और होने वाली बड़ी घटनाओं से अपने नगर व मोहल्ले को सुरक्षित रखें यहां के लोग गंगा जमनी तहजीब के नाम से पहचाने जाते हैं 'इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत के साथ कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार सिंह व पुलिस बल मौजूद रहा'

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन बरेली का संगठनात्मक विस्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

डॉ. रूपकिशोर प्रजापति को जिला महासचिव झ बरेली नियुक्त किया गया। सुनील आजाद को तहसील अध्यक्ष झ बहेड़ी नियुक्त किया गया। अंग्रेज सिंह को तहसील उपाध्यक्ष झ बहेड़ी नियुक्त किया गया। इन नियुक्तियों से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को नए आयाम मिलेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश विकास बाबू एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष सैम मैसी, भीम आर्मी वरिष्ठ कार्यकर्ता ताहिर प्रधान, तथा अन्य साथीगण उपस्थित रहे। विशेष रूप से मौजूद साथीगणः गुलाब सिंह गुलाब रजा शादाब रजा ,सतनाम सिंह,जसवंत सिंह,जसविन्द्र सिंह,दानिश बाबा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों



एवं विचारधारा का पालन करते हुए समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने की शुभकामनाएँ दी गईं।

# मोहम्मद शमी ने की सीएम योगी से मुलाकातःलखनऊ में हुई शिष्टाचार भेंट, दोनों ने एक-दूसरे को दिए उपहार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा ' उ. प्र-भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। शमी ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का उपहार दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा कीं। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। अमरोहा के सहसपुर अलीनगर गांव के रहने वाले शमी ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीरें पोस्ट कीं।

शमी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने का गौरवशाली अवसर मिला। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान दृष्टि, नेतृत्व और राज्य की परिवर्तनकारी संभावनाओं पर चर्चा हुई

# स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ट्रायल्स सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन बरेली द्वारा अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 व अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स का आयोजन निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब (जी पी क्रिकेट एकेडमी)के खेल मैदान पर संपन्न हुआ। इस ट्रायल में कुल 201 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य चयनकर्ता के रूप में माजिद हसन खान एवं शिव कुमार राठी ने खिलाड़ियों का परीक्षण किया तथा विभिन्न आयु वर्गों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बरेली के अध्यक्ष डॉ. शशांक मिश्रा, स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव श्री अखिल दीक्षित, डिस्ट्रिक्ट स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन बरेली के सचिव श्री विपिन कुमार तथा सह-सचिव श्री नितेश भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गर्मी से हाल हुआ बेहाल, बढ़ रहे डायरिया के मरीज



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद ।बढ़ती गर्मी के चलते बुखार उल्टी दश्त के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मुरादाबाद जनपद के मंडलीय अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 1500 के आसपास पहुंच रही है जिसको लेकर जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा हीट वेव के चलते 10 बेड का कोल्ड रूम बनाया है। साथ ही आईसीयू में बेड आरक्षित किए गए हैं। 32 बेड का फीवर वार्ड, 10 बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। बढ़ती गर्मी में लू से ग्रस्त मरीजों का इलाज किया जा सके। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संगीता गुप्ता ने बताया कि हमारे अस्पताल में पहले से ही 32 बेड का फीवर वार्ड है, अब बढ़ती गर्मी से बुखार उल्टी दश्त के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है इसी के मद्देनजर 10 बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है, साथ ही आईसीयू में बेड आरक्षित किए गए हैं उन्होंने आम जनमानस से अपील की है 12:00 बजे से 4:00 बजे तक वृद्ध और बच्चे घर से निकलने को अवॉइड करें, साथ ही सूती ढीले ढाले कपड़ों पहने, रशीले फल और तरल पदार्थ का सेवन करें, जिससे हाइड्रेसन और लू से बचा जा सके।

# श्रीराम स्कूल में देवी अहिल्याबाई होलकर को किया याद , बच्चों को बांटे पुरस्कार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद ।नगर के श्रीराम जूनियर हाई स्कूल में सोमवार को महारानी अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया जिस दौरान महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत श्री राम स्कूल की ओर से विभिन्न जानकारियां दी गई। जिस दौरान पूर्व जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा राजकुमार गुप्ता के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं बच्चों को उनके जीवन का विवरण विस्तार से बताया गया जिस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य भूपेंद्र लोधी , वेद प्रकाश चंद्रवंशी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अमरोहा के रहरा थाने के दरोगा इंद्रजीत पर चार्जसीट लगाने के नाम पर 50000 रुपए लेने का आरोप एसपी से की थी शिकायत सौंपी जाँच अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा को

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा। अमरोहा जिले के रहना थाना क्षेत्र के गंगवार निवासी मोहम्मद शादान पुत्र इब्ने उमर ने रहरा थाने में तैनात दरोगा इंद्रजीत सिंह पर अपने मुकदमे में चार्जशीट लगाने के नाम पर 50000 रुपए की रिश्वत हड़पने का आरोप लगाया था साथ ही उसने बताया कि यह रकम उसने किसी से उधार लेकर दी थी साथ ही बताया था कि बीती 23 फरवरी 2025 को उक्त दरोगा इंद्रजीत सिंह उसकी दुकान पर आए थे और



मुकदमे में चार्जशीट लगवाने में 100000 लाख रुपए की मांग कि थीं जिस पर उसने 50000 रुपए दे दिए थे लेकिन अब जब वह कोर्ट पहुंचा तो पता चला था कि उसके साथ दरोगा इंद्रजीत सिंह ने विश्वासघात किया था साथ ही पीड़ित ने बताया था कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोप है कि दरोगा ने पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी और फिलहाल आज दिनाक 19/05/2025 सोमवार को पीड़ित एसपी ऑफिस पहुंचा और एसपी अमरोहा ने बताया कि उक्त प्रकरण की जाँच अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा को सौंपी गई है जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है

# शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने पत्रकार के पिता को दी श्रद्धांजलि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन सैफनी के संस्थापक इरफान खा के पिता के देहांत पर शाहबाद में पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से शोकसभा का आयोजन किया गया।बताते चले कि सैफनी नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन सैफनी इकाई के संस्थापक इरफान खान के पिता बब्बन खान का सत्तर वर्ष की आयु में 15 मई को निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। दिल्ली अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। स्वर्गीय बब्बन खान का अंतिम संस्कार 16 मई, शुक्रवार को सुबह 10 बजे सैफनी की पुरानी ईदगाह परिसर स्थित कब्रिस्तान में





धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया। जहां, सैफनी व दूरदराज से आये हजारों की संख्या में लोग दफन में शामिल हुए। उनके निधन पर पत्रकार जगत के साथ स्थानीय नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त किया और दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय बब्बन खान एक मिलनसार और समाजसेवी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जिनकी कमी सैफनी क्षेत्र लंबे समय तक महसूस करता रहेगा। इस अवसर पर शाहबाद पत्रकार संगठन के संरक्षक सखावत अली, अध्यक्ष आफताब, संगठन के महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ सदस्य अखिलेश रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अहसान खान, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, शावेज छोटे, विशाल जोशी, नेहा गुप्ता, जहीर खां, फैजी खा, वीरेंद्र मौर्य, तकरीर अहमद, इरफान मलिक, फहीम आतिश, शान मोहम्मद आदि रहे।

# पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की तीन सौवीं जयन्ती मनाने को लेकर भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

ललितपुर । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी सारे देश में पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की तीन सौ वीं जयंती मनाने जा रही है । इसको लेकर ललितपुर में भी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री संगठन धर्मपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन महामंत्री बंशीधर श्रीवास ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में महारानी अहिल्याबाई होलकर जी को लेकर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा कि पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई जी ने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ तक अनेकों मन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम जो उनके जीवन में था आज देश उसको आदर्श मान कर चल रहा है । उन्होंने कहा कि हम लोग इक्कीस मई से लेकर इकतीस मई तक सारे जिलों में महारानी




अहिल्याबाई जी की त्रिशताब्दी के अवसर पर तीन सौ वीं जयंती मनाने जा रहे हैं ।

उन्होंने काशी के विश्वनाथ मन्दिर का पुनरोद्धार कर पुनर्निर्माण कराया। अयोध्या, मथुरा, काशी आदि कई तीर्थों मे नदियों पर घाट बनवाये।

सबसे बड़ी बात यह है कि वे इतनी प्रभावशाली थीं कि सारे भारत के राजा उन्हें देवी का दर्जा देते थे और वे जिस किसी भी राजा के राज्य के अन्दर धार्मिक क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य या निर्माण करवाती थीं तो वह राजा उन्हें रोकता नहीं था। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला प्रभारी पं सुरेश अवस्थी कानपुर, बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती लक्ष्मी रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बलराम सिंह लोधी, बंशीधर श्रीवास, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, बसंती लारिया, रतीराम निरंजन, धर्मेन्द्र पाठक, किरण सैन, बसंती लारिया, हरी सिंह बुंदेला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री निखिल तिवारी, गौरव चौधरी, रमेश कुशवाहा नझाई, रजनी अहिरवार, धर्मेश द्विवेदी, आर के विश्वकर्मा, डा राजकुमार जैन, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, क्षेत्रीय पदाधिकारी गण गौरव गौतम, अजय पटैरिया, हरिओम निरंजन, डा दीपक चौबे, घासी राम सहरिया, मण्डल अध्यक्ष गण भगतसिंह राठौर, शेलेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला,आशु पंडा, रामस्वरूप निरंजन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम दास साहू, मोहन लाल रैकवार, रुचिका बुन्देला, हरीराम राजपूत एड, दिनेश गोस्वामी एड, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अनुराग जैन शैलू, प्रभाकर शर्मा, मनीष जैन बामोर, अनुपमा जैन, ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, रुपेश साहू, सुनीता पंथ, अवतार सिंह लोधी, विजय सिंह कुंआतला, महावीर प्रसाद दीक्षित, कमलापति रिछारिया, संदीप बुन्देला, अजय जैन साईकिल, मोर्चा अध्यक्ष गण नीतेश संज्ञा, नासिर मंसूरी, सुरेन्द्र प्रताप रजक, रामचरन सहरिया, सुरेश टोंटे, नीतेश संज्ञा, महावीर प्रसाद दीक्षित, शशिशेखर पांडेय, नासिर मंसूरी, सन्तोष कुमार कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, सुनीता झां, मनविंदर कौर, रानी जहां, हेमंत गोस्वामी, पार्वती खटीक, रामरती रैकवार, अनुज शर्मा, शिवम पाराशर, मोनू पश्तोर, अमन द्विवेदी, दीपक वैद्य, धर्मेन्द्र सिंह यादव प्रधान, गब्बर अहिरवार, प्रदीप खटीक, अरविंद सिंघई, संदीप चौबे, सुनील मिश्रा, शोमित समईया, विक्रांत रावत, अखण्ड प्रताप एड, भरतसिंह आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज के चालकों-परिचालकों की ड्यूटी लगाने से पहले होगी जांच

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



मथुरा। बसों में हादसे रोकने के लिए परिवहन निगम लगातार सख्ती कर रहा है। अब चालकों-परिचालकों की ड्यूटी लगाने से पहले उनकी जांच की जाएगी। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के साथ 14 बिंदुओं पर उनकी जांच होगी, इसके बाद ही इन्हें ड्यूटी स्लिप दी जाएगी। रोडवेज डिपो के बेड़े में 159 बसें शामिल हैं, जिसमें से वर्तमान में 146 बसों का संचालन अलग-अलग रूटों पर हो रहा है। इन बसों की स्टेयरिंग संभालने वाले चालकों की अब जांच पहले की जाएगी। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि कई बार चालकों की लापरवाही के चलते हादसे हो जाते हैं। परिचालकों की भूमिका भी कई बार संदिग्ध देखी गई है। इन सबके दृष्टिगत चालक-परिचालकों की ड्यूटी निर्धारित 14 बिंदुओं को पूर्ण करते हुए सॉफ्टवेयर से लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गड़बड़ी पर ड्यूटी कक्ष ही नहीं डिपो के जिम्मेदार अधिकारी पर भी कार्रवाई होगी। इसके लिए दंड व्यवस्था प्रभावी कर दी गई है। ड्यूटी स्लिप पर ही इसका अंकन करने का निर्देश दिया गया है। यह व्यवस्था अनुबंधित बसों के चालक-परिचालकों पर भी लागू होगी। नए बस स्टैंड के स्टेशन अधीक्षक संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रवर्तन दलों से मार्ग पर बसों की चेकिंग करने का निर्देश देने के लिए कहा है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि निदेर्शों पर अमल किया गया या नहीं। जांच के दौरान प्रवर्तन दल यथास्थिति अंकित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यालय प्रवर्तन दलों को भी समान निर्देश जारी किया गया है। मार्ग से लौटकर आने के बाद भी चालक-परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी और ड्यूटी स्लिप पर सभी बिंदुओं की जांच रिपोर्ट अंकित की जाएगी।

# लघु सिंचाई विभाग में चेक डैम के टेंडर डाले गए

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। लघु सिंचाई विभाग में कल 17- 5 -25 को चेक डैम के टेंडर डाले गए जो की सुना है की 40 से 45% Below डाले गए हैं। सवाल उठता है कि जब निर्धारित बजट एक चेक डैम निर्माण का एक्सईन द्वारा इतना बड़ा करके बजट क्यों बना दिया जाता है जब ठेकेदार इस कार्य को 40 से 45 प्रतिशत ी'ड्ढ६ में करने को तैयार रहते है ,इसके बावजूद ठेकेदार विभागीय कमीशन और जीएसटी भी पे करते है तो फिर चेक डेम निर्माण किस स्तर पर होता होगा एवं क्या गुणवत्ता रहेगी! इसीलिए चेक डैम 2 साल में ही क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और फिर उनके मरम्मत कार्य के पुनः टेंडर निकाले जाते हैं। एक चेक डैम निर्माण के बाद उसे यथावत बने रहने के लिए शासन को दो बार पैसा खर्च करना पड़ता है ! अब आप ही समझ लीजिए कि शासन को किस प्रकार राजस्व की हानि पहुंचाई जाती है,यह भ्रष्टाचार का अंदरुनी खेल नहीं तो और क्या है?

शासन को इस पर संज्ञान लेकर ऐसे ठेकेदारों को भी जो 50 परसेंट कम में कार्य करते हैं वह क्या गुणवत्ता युक्त चेक डैम निर्माण करते होंगे अतः ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड भी किया जाना आवश्यक है ! जांच के दायरे में विभागीय अधिकारी ठेकेदार एवं निर्माण कार्य सभी सम्मिलित होना चाहिए एवं जो Below प्रतिशत में चेक डेम निर्माण किए जाते हैं उनकी जांच अति आवश्यक वह भी मुख्य अभियंता स्तर लखनऊ से होना चाहिए।

# घुसयाना से पिसनारी जाने वाली रोड वर्षों से खस्ता हालत में - बु. वि. सेना

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर । आज बु. वि. सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर शहर की घुसयाना से पिसनारी बाग होते हुए राजघाट रोड तक जाने वाली सड़क पिछले अनेक सालों से बेहद खस्ता हालत पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई । बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जनता से रोड टैक्स और मेन्टीनेन्स टैक्स लेने के बावजूद ललितपुर शहर की सड़कों की दशा जस की तस बनी हुई है। आगामी मंगलवार को बु. वि. सेना उक्त सड़क के निर्माण और मरम्मत के लिए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपेंगी। बैठक में बु.वि सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया , कदीर खान , राजकुमार कुशवाहा , अमरसिंह बुन्देला , विनोद साहू , नंदराम कुशवाहा, रामप्रकाश झा, कमल विश्वकर्मा, मिलन चौहान , बी. डी. चंदेल, आशा कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, रोहित, अर्जुन, जानकी, बृजलाल कुशवाहा, जगदीश झा, प्रदीप साहू, लल्लू विश्वकर्मा, संजू राजा, अनिल अहिरवार, भैय्यन कुशवाहा, प्रदीप साहू, विक्की सोनी, पुष्पेन्द्र शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विशाल कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर,महरौनी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के कुशल निर्देशन में राष्ट्र जागरण हेतु तीन दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन महरौनी समीपस्त खिरिया लटकंजू के श्री खिरिया सरकार हनुमान मंदिर परिसर में विशाल मंगल कलशयात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। बेंड बाजे के साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण व मंगल गीत गायन के साथ क्षेत्र की महिलाओं ने कलश धारण कर नगर भृमण किया ।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कृपा देवी,विश्ववनाथ पटेल,निहाल सिंह, हीरालाल, धनीराम, नंन्हे कुशवाहा, पुजारी मनोज कौशिक,प्रेमनारायण मिश्रा,भैरों प्रसाद,रामस्वरूप निरंजन,हरदेव सिंह, दयाराम, घासीराम,काशीराम, राजीव, प्रभु, किशोरी माते, ओमप्रकाश, आनंद,विजय, हीरालाल,मोहन,आशाराम तिवारी, कैलाशनारायण सिसोदिया, महिपाल सिंह,जगभान सिंह,पन्नालाल,सीताराम, जमुना प्रसाद,पूरन सिंह, रामप्रसाद,दयाशंकर, राजबहादुर खरे, अमर सिंह, आर बी नायक, अवधेश श्रीवास्तव, नंदलाल,प्रीतम,अमित,आलोक,श्रीमती सियादेवी, सोना सेन,रामकुंवर,बेटीबाई सहित सेकड़ो ग्रामीण माताएं बहिने उपस्थित रहीं।

# वृंदावन के युवक से संपर्क में थी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



मथुरा। वृंदावन में सेना पुलिस पहुँची। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार निवासी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जांच में वृंदावन से कनेक्शन सामने आया है। वह वृंदावन के एक युवक से लगातार संपर्क में थी। इसकी जानकारी जुटाने के लिए सेना पुलिस भी रविवार को वृंदावन पहुंची। थाना पुलिस को मामले की जानकारी देने के बाद लौट गई। पुलिस युवक तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। पुलिस से लेकर सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रहीं हैं। इसी बीच रविवार को सेना पुलिस वृंदावन थाने पहुंची। सेना पुलिस ने थाना पुलिस को ज्योति मल्होत्रा द्वारा वृंदावन के एक युवक से फोन पर लगातार संपर्क में रहने की जानकारी दी। यह भी बताया कि ज्योति की कॉल डिटेल से सेना पुलिस को यह जानकारी हाथ लगी है। सेना पुलिस के अधिकारियों ने थाना पुलिस के साथ संबंधित युवक का नंबर भी साझा किया। कुछ देर रुकने के बाद ही सेना पुलिस लौट गई लेकिन इसके बाद थाना पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। माना जा रहा है कि इस युवक से पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं।

वृंदावन थाने के अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सेना पुलिस ने इस मामले में जानकारी साझा की है। थाना पुलिस अब अपनी तरफ से जांच कर रही है और उस युवक के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है, जिससे ज्योति संपर्क में थी। पुलिस अन्य पहलुओं की भी गहराई से जांच कर रही है।

# व्यापारियों की ऑनलाइन व्यापार पर टैक्स बढ़ाने की मांग




**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मथुरा। पश्चिमी उप्र व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा है कि ऑनलाइन व्यापार से छोटे-मझोले व्यापारी की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सरकार ऑनलाइन व्यापार पर टैक्स बढ़ाकर राहत दे। साथ ही व्यापारियों ने सरकार से कल्याण आयोग का गठन और सुरक्षा गारंटी की मांग की है। व्यापारियों ने गोविंद नगर स्थित सर्वेश्वरी सदन में बैठक की। पश्चिमी उप्र व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा है कि कोरोना संकट में ई-कॉमर्स कंपनियां नजर नहीं आईं। उस समय छोटे-मझोले व्यापारी ही आम लोगों के मददगार बने थे। सरकार को चाहिए कि वह छोटे व्यापारियों के लिए संरक्षण की नीतियां तैयार करे। वहीं प्रांतीय संगठन मंत्री मदनमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी किसी भी जाति-धर्म का नहीं होता वह सिर्फ व्यापारी होता है। प्रांतीय कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी खंडेलवाल ने व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। मनोज सक्सेना, विजय बंटा, नम्रता गुप्ता, केदार खंडेलवाल, विजय आर्य, पवन गोयल, त्रिलोकी नाथ बंसल, अनमोल बंसल समेत अन्य मौजूद रहे।

# ठाकुर मदनमोहन मंदिर की छत से हटाई हरियाली, लगाए पत्थर

**नेशनल प्रेस टाइम्स**



मथुरा। वृंदावन में सप्त देवालयों में प्रमुख और वृंदावन की आध्यात्मिक पहचान माने जाने वाले ठाकुर मदनमोहन मंदिर की छत से हाल ही में हटाई गई हरियाली अब श्रद्धालुओं और ब्रजवासियों की चिंता का विषय बन गई है। मंदिर की छत पर वर्षों से उगी घास न केवल उसकी प्राचीनता और सौंदर्य को बढ़ा रही थी बल्कि श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र भी थी। अब घास हटाकर वहां पत्थर लगा दिए गए। इस कारण से लोगों को लग रहा है कि कॉरिडोर से मूल स्वरूप ही बदल जाएगा। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, लेकिन हालिया बदलावों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मंदिर के मूल स्वरूप और पर्यावरणीय सौंदर्य की उपेक्षा की जा रही है। ब्रजवासी इसे वृंदावन की पारंपरिक पहचान के विरुद्ध मानते हैं और आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह परिवर्तन आने वाले समय में कॉरिडोर परियोजनाओं की तरह मंदिर की मौलिकता को प्रभावित न कर दे। कुछ समय पहले तक वृंदावन की गलियों, घाटों और मंदिरों में हरियाली स्वाभाविक रूप से दिखाई देती थी लेकिन अब यह हरियाली धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। ब्रजवासियों का कहना है कि आधुनिकता की दौड़ में मंदिरों की पारंपरिक छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ठाकुर मदनमोहन मंदिर की छत से घास हटाकर पत्थर लगाना इसी बदलाव की एक कड़ी है। ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल शरण शर्मा ने कहा कि ब्रज की संस्कृति में वृक्ष, घास, मिट्टी और यमुना सब कुछ पूजनीय माने जाते हैं। मंदिर की हरियाली केवल सौंदर्य का हिस्सा नहीं थी, बल्कि वह ब्रज की भाव-परंपरा का प्रतीक थी। अब जबकि हरियाली हटाई जा रही है तो यह केवल एक दृश्य परिवर्तन नहीं बल्कि ब्रज की आत्मा पर चोट जैसी है।

# रानी अहिल्याबाई के शौर्य, सेवा और बलिदान को याद करेंगे भाजपाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स**




मथुरा। भाजपाई 21 से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाएंगे। अभियान के तहत गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही यमुना घाटों पर आरती की जाएगी। वीर नारी की गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने का उद्देश्य है। पुष्पांजलि स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों ने अभियान की रणनीति तैयार की है। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा है कि अभियान में महिला स्वयंसेवी संगठन एवं स्थानीय निकायों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें, गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अंजुला माहोर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्षों के शासनकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए याद किया जाता है। मुकेश वार्ष्णेय ने भी विचार रखे। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभियान 21 से 31 मई तक जिले की ग्राम पंचायतों और विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जाएगा। जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी, देवेश पाठक, महीपाल सिंह, भगत सिंह, देवेंद्र शर्मा, भानु प्रताप सिंह, जादौन, प्रियंका उपाध्याय, तरुण सैनी, नरेंद्र गौतम, अनिल चौधरी आदि मौजूद थे।

# देशद्रोही शहजाद की पत्नी बोली, पति का आना जाना लगा रहता था पाकिस्तान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए शहजाद की पत्नी का बयान सामने आया है। आरोपी शहजाद की पत्नी राजिया ने शहजाद के पाकिस्तान जाने की बात कबूली है। राजिया ने बताया कि उसका पति लेडीज सूट का कपड़ा लेने पाकिस्तान के लाहौर जाया करता था और उसका पति शहजाद कई वर्ष में कई बार लाहौर जाता था। साथ ही शहजाद की पत्नी ने कहा कि उसके पति को झूठा फंसाया गया है।

क्रक के लिए जासूसी कर देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल बताया गया-उत्तर प्रदेश की एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने शहजाद को मुरादाबाद से गिरफ़्तार किया था।एटीएस उत्तर प्रदेश को विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि शहजाद नाम का एक व्यक्ति भारत-पाकिस्तान की सीमा पर कपड़ों,मसालों और कॉस्मेटिक सामान लाने का काम कर रहा है जिसे पाकिस्तानी एजेंसी क्रक का संरक्षण मिला हुआ है,शहजाद पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के लिए जासूसी कर देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल बताया गया। इसके बाद यूपी एटीएस ने सुदृढ़ सूचनातंत्र के आधार पर शहजाद पुत्र अब्दुल बहाब निवासी- मकान नं 135, मोहल्ला-आजाद नगर, टांडा, जनपद-रामपुर को



मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया और उसे अपने साथ मुख्यालय ले गई।

लोगों को तस्करी की आड़ में क्रक के लिए काम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान भिजवाता था-

मिली जानकारी के अनुसार शहजाद बीते कई वर्षों से पाकिस्तान आता जाता था और चोरी छिपे भारत व पाकिस्तान के बीच कॉस्मेटिक्स, कपड़े, मसाले व अन्य सामान को अवैध रूप से सीमा पार लेकर आता-जाता था और इसकी आड़ मे ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के लिए काम करता था,एटीएस के मुताबिक शहजाद का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के एजेंट्स से अच्छे संबंध हैं जिनसे वह लगातार संपर्क में था।एटीएस के मुताबिक शहजाद ने भारत की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचनायें पाकिस्तानी खुफिया एजेन्सी के एजेंट्स से साझा भी की हैं, इस सूचना की पुष्टि होने पर एटीएस टीम ने शहजाद को हिरासत में लेकर थाना-एटीएस, लखनऊ पर मु.अ.सं.-04/25, धारा-148, 152 बीएनएस पंजीकृत कराया है।एटीएस की विवेचना से यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि शहजाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी क्रक के कहने पर कई बार भारत में मौजूद उनके एजेंट्स को पैसे भी उपलब्ध कराता था।

शहजाद रामपुर व उ.प्र. के कई हिस्सों से भी लोगों को तस्करी की आड़ में क्रक के लिए काम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान भिजवाता था,इन लोगों के वीजा आदि का इन्तजाम भी पाकिस्तानी खुफिया एजेन्सी के एजेन्ट्स द्वारा करवाया जाता था। शहजाद ने भारत के खिलाफ जासूसी करने के लिए आईएसआई के एजेंट्स को भारतीय सिम भी उपलब्ध करवाए थे।

## कांधला नगर हमेशा से मोहब्बत नगर के नाम से जाना जाता है :जावेद जंग।

# नगर एवं क्षेत्र की सुरक्षा और अपराध का खात्मा करना पहली प्राथमिकता : क्षितिज कुमार सिंह

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला। थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी राय रखी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी लोगों से अपील करते हुए नगर एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने एवं आपसी भाईचारा और कायम करने की अपील की। शांति भंग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान बैठक में दर्जनों लोग मौजूद रहे।
ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों के बीच जुबानी जंग और सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी शुरू हो गई थी। सोमवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल एवं अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने की। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी जावेद जंग ने कहा कि



कांधला कस्बा मोहब्बत नगर के नाम से जाना जाता है यहां पर कभी भी हिंदू मुस्लिम जैसा विवाद नहीं हुआ है ।सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल के चैयरमेन राजीव शर्मा ने कहा कि जब पूरे देश में इमरजेंसी जैसे हालात हो रहे थे तो तब भी यहां के लोगों ने आपसी भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे के दुख-सुख में शामिल हुए थे । व्यापारी पवन कंसल एवं रालोद नेता अरविंद पवार ने नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर हटवाने की मांग की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने कहा कि नगर में लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण चिंता का विषय है व्यापारी जगत खुद पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटवाने में साथ रहेगा। इस दौरान कई लोगों ने नगर एवं क्षेत्र में हो रही नशे की बिक्री पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने कहा कि नगर एवं क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा प्रदान करना एवं अपराध को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र में कहीं भी किसी तरह की घटना प्रतीत होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, पुलिस के द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है जल्दी पूर्ण रूप से नगर एवं क्षेत्र से नशा तस्कारो को गिरफ्तार कर नशा बिक्री पर लगाम लगाते हुए तस्करों को जेल भेजा जाएगा। क्षेत्र के सभी लोग आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करें। इस दौरान अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी राय रखी। इस दौरान श्रीकांत जैन, शहजाद, मेहदी हसन ,सुरेंद्र शर्मा, अनिल कुमार,सतवीर पवार, सुभाष सिंह ,शहजाद, मिंटू, आकाश, अनिल कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# आधा दर्जन किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के आधा दर्जन किसानों के नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलकर कमरों की दीवार तोड़कर उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान रणधीर सिंह, सुभाष,जितेंद्र, परमिंद्र,विनोद, प्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह, कृष्ण पाल, सतपाल अशोक, संजीव सिंह सहित आदि ने बताया कि रात्रि के समय चोरों ने उनके



खेतों पर बने नलकूप के कमरों की दीवार तोड़कर बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। सोमवार सवेरे जैसे ही किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था और दीवार टूटी हुई थी। किसानों ने घटना की जानकारी कांधला पुलिस को दी है थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर मिली है, जल्दी चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# यमुना नदी के भीतर उत्तर प्रदेश की सीमा में बांध बनाने का आरोप, नई नगला निवासी ने सीएम योगी से की कार्रवाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**
चौसाना। क्षेत्र के गांव नई नगला जाटान निवासी महिपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि हरियाणा सरकार का सिंचाई विभाग यमुना नदी के भीतर उत्तर प्रदेश की सीमा में अवैध रूप से बांध का निर्माण कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है।

महिपाल सिंह ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दी गई शिकायत में बताया कि खसरा संख्या 108, जो हरियाणा के करनाल जिले के गांव ढ़ाकवाला से सटा हुआ है, वहां वर्ष 1974 में सर्वे विभाग द्वारा पिलर लगाए गए थे। उन्होंने उदाहरण के तौर पर पिलर संख्या ठ443 का उल्लेख किया। शिकायत के अनुसार, हरियाणा सिंचाई विभाग ने पिलर से लगभग 600 फीट भीतर यमुना नदी के अंदर बांध बना दिया है और पत्थर डलवाए हैं, जिससे नदी के प्राकृतिक बहाव में बाधा उत्पन्न हो रही है। महिपाल सिंह ने कहा कि इस मामले की जानकारी पहले भी एसडीएम और सिंचाई विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि हरियाणा के अधिकारी बार-बार यूपी सीमा के भीतर प्रवेश कर निर्माण कर रहे हैं, जबकि यूपी प्रशासन की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो यमुना का बहाव उत्तर प्रदेश की ओर मुड़ सकता है, जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और क्षेत्र में जान-माल का नुकसान हो सकता है। महिपाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि जिलाधिकारी शामली को निर्देश दिए जाएं कि वे मौके पर जाकर अवैध निर्माण रुकवाएं और सीमांकन की पुनः जांच कराएं।

# एडीएम संतोष कुमार का बरेली स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शामली ईट निमार्ता समिति द्वारा सोमवार को एडीएम संतोष कुमार का बरेली स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम को भावपूर्ण विदाई दी।
सोमवार को शामली ईट निमार्ता समिति द्वारा थानाभवन के एक बारातघर में एडीएम संतोष कुमार सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक व एडीएम संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम के कायार्काल की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक, महामंत्री सुनील गोयल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, लव राणा, अजय सिंघल, रामकुमार, संत कुमार, अनिल, मांगेराम मखमूलपुर, अरशद अहमद, अजय कुमार, प्रदीप पवार आदि मौजूद रहे।

# 43 साल पुराने कब्जे से मुक्त कराई गई 2.75 बीघा भूमि, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

## बल्ला मजरा में राजस्व विभाग की कार्रवाई, अब रास्ता होगा पहले जैसा सुगम

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**
चौसाना। क्षेत्र के गांव बल्ला मजरा में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 43 वर्षों पुराने अवैध कब्जे को हटवाया। खसरा संख्या 483 में दर्ज 0.1830 हेक्टेयर (लगभग 2.75 बीघा) सार्वजनिक भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में ह्यरास्ताह्ल के तौर पर दर्ज है, को कब्जे से मुक्त करा लिया गया।

इस भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा कर गन्ने की खेती की जा रही थी, साथ ही पोपलर के पेड़ भी लगाए गए थे। इतना ही नहीं, उक्त भूमि का एक हिस्सा ऊन शुगर मिल को गन्ना तोल कांटे के उपयोग हेतु किराए पर दिया गया था, जिससे उसे वर्षों से आर्थिक लाभ भी हो रहा था।

इस की शिकायत ग्राम निवासी अब्बास पुत्र गफ्फार खान ने तहसील समाधान दिवस ऊन में की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ऊन निधि भारद्वाज ने कार्रवाई के निर्देश दिए। आदेशों के अनुपालन में हल्का लेखपाल लोकेश सैनी, कानूनगो विनोद कुमार और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाईश के बाद कब्जा हटवाया।

कानूनगो विनोद कुमार ने बताया कि पैमाईश में जो पेड़ जमीन पर पाए गए, वे सभी सरकारी भूमि में स्थित थे। उन्होंने कहा कि भूमि को पूर्ववत रास्ते के रूप में चिह्नित कर दिया गया है और अब ग्रामीणों को आवाजाही में सहूलियत मिलेगी।

कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। प्रशासन ने पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत भूमि को खाली कराया और मौके पर मौजूद लोगों को जानकारी दी कि यह जमीन सार्वजनिक उपयोग की है।

ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए राहत की सांस ली और कहा कि वर्षों से बंद पड़ा यह रास्ता अब उनके लिए फिर से खुल गया है। अब स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और राहगीरों को काफी सुविधा होगी।

# सहायक वंदिता का छह दिवसीय कत्थक कार्यक्रम का का आयोजन किया गया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। सोमवार को शहर के बीएसएम स्कूल में लखनऊ के प्रतिष्ठित बिरजू महाराज इंस्टीट्यूट से कत्थक प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता का छह दिवसीय कत्थक कार्यक्रम का का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढचढकर हिस्सा लिया।

सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन छाया सिंह, प्रबंधक सूर्यवीर सिंह, प्रधानाचार्य राहुल चौधरी व प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता ने किया। उन्होने बताया कि कत्थक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 19 मई से 24 मई तक प्रतिदिन प्रातः साढे 9 से 12 बजे तक चलेगी। जिसका समापन 25 मई को किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थीयों व 10 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाएं व लड़कियां अपनी सीखी गई प्रस्तुतियों का प्रदर्शन करेंगे। रुचि बलूनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सांस्कृतिक आयोजन की शुरूआत द्वीप



प्रज्वलन से करना न केवल हमारी परंपरा है बल्कि यह ज्ञान, शांति और ऊर्जा का प्रतीक भी है, और कत्थक केवल एक नृत्य नहीं, यह आत्मा अभिव्यक्ति, इतिहास और परंपरा का समृद्ध संगम है। उन्होंने बताया कि कथक नृत्य की उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी और इसका आरंभ वैदिक युग या उससे पहले के समय में माना जाता है। इसकी शुरूआत एक कहानी कहने की परंपरा (कथा) के रूप में हुई, जिसमें कत्थक नामक व्यक्ति देवी- देवताओं की कथाएं नृत्य और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते थे। उन्होंने लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य के बीच अंतर बताते हुए कहा कि शास्त्रीय नृत्य अनुशासन और परंपरा का प्रतीक है जबकि लोक नृत्य जीवन की सहजता, उत्सव और सामाजिक संस्कृति का प्रतिबिंब होता है। दोनों ही भारतीय संस्कृति की धरोहर है। हमें गर्व है कि हम इसे नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। तदुपरांत रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता द्वारा कत्थक की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ प्रशिक्षण सत्र का आरंभ हुआ, जिसमें छात्रों ने बड़ी रुचि और अनुशासन के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला में प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं को कत्थक की मूलभूत तकनीकें, हस्त मुद्राएं, ताल, फुटवर्क, पताका हस्त मुद्रा, प्रणाम व गणेश वंदना का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया।

# पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए है। सोमवार को एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। अभियान में कोतवाली पुलिस ने वाहन चौकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पकडे गए अभियुक्त ने अपना नाम सागर पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला बताया। पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया।

# फसलों को खुर्दबुर्द करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर अपनी दीवार जबरदस्ती खेत में गिराकर फसलों को खुर्दबुर्द करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

कस्बा बनत के मौहल्ला प्रेमनगर निवासी उमरजान पुत्र जफरूद्दीन ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को



तहरीर देकर बताया कि विपक्षी दाऊद, जाबिर, आरिफ ने पीडित के चक में अपनी दीवार जबरदस्ती गिरा दी। जिससे खेत में खडी फसल खुर्दबुर्द हो गई। आरोप है कि जब पीडित ने अपनी दीवार का मलवा हटाने को कहा तो उक्त लोगों ने पुत्र आसमौहम्मद को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि मेरा पुत्र पुलिस में है, जिससे इनकाउन्टर करा देगा।पीडित ने उक्त लोगों पर अवैध रूप से कृषि भूमि में मैरिज होम बनाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने फीता काटकर किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष जयंती के अवसर पर शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। खेल प्रमुख संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार ने छात्राओं को जुडो, खो खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, ताई कमांडो, बर्फ पानी, शेर बकरी जैसे अनेक खेल खिलाएं साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में कला प्रमुख सुरभि मित्र ने बालिकाओं से रंग बिरंगी रंगोलियां बनवाई। खेल प्रतियोगिता में ग्रुप ए ने प्रथम स्थान तथा रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप डी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कविता रानी, अनीता रानी, उपासना रानी, साक्षी रानी, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# पूर्वी यमुना नहर पुल के निकट एक अज्ञात ट्रक द्वारा विद्युत विभाग के दो खंभों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। शहर के झिंझाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर पुल के निकट एक अज्ञात ट्रक द्वारा विद्युत विभाग के दो खंभों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर देने से सोमवार को आधे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह की बताई जा रही है, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक अनियंत्रित होकर नहर पुल के पास लगे दो विद्युत खंभों से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों खंभे क्षतिग्रस्त होकर गिर गए, जिससे क्षेत्रीय विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली गुल होने के कारण लोगों को जहां गर्मी में बेहाल रहना पड़ा, वहीं पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया। कई मोहल्लों में सुबह से ही नल नहीं चले, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे के बाद बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल हो सकी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने में कुछ और समय लग सकता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि घटनास्थल पर उचित संकेतक व ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर में किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

# पंजे ने कर दिया गंजाः मुख्यमंत्री



### पाकिस्तान से बात होगी तो पीओके के अलावा नहीं : भूपेंद्र यादव

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता है। आतंकियों के घर में जाकर जवाब देने की ताकत रखता है भारत। मुख्यमंत्री को बताया कि तिरंगा यात्रा से आपका स्वागत किया है। तिरंगा भारत की शान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत माता के मस्तक को गौरवशाली बनाने में लगे हैं। देश की थल, जल व वायु सेना को बधाई देना चाहते हैं। जिन्होंने आतंकियों को शक्ति से जवाब दिया। बहनों ने अपने सिंदुर को खोया। फिर भी पाकिस्तान को कोई शर्म नहीं आई। इसलिए माकूल जवाब दिया है। हमें प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पाकिस्तान से कोई बात करेगा तो सिर्फ पीओके जरिए बात करेगा। बाकी कोई बात नहीं होगी।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अलवर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धोती-कुर्ता पहन कर अलवर पहुंच गए हैं। सबसे पहले मोती डूंगरी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद सरस डेयरी परिसर में मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करने आते ही आमजन से कहा कि जयकारे लगाने के लिए पंजा नहीं बजरंग बली वाली मुट्ठी बांधिए। इस पंजे ने देश को कर दिया गंजा।

हमारी माता बहनों के लिए 1 लाख रुपए गोपालन क्रेडिट कार्ड को बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए कर दिया। ताकि हर माता बहन के घर में गाय हो। बिना पशु के किसान का काम नहीं चलता है। हम सब गांव के लोग हैं। जब माता बहन सुबह डेयरी पर दूध लेने जाती हैं तो पूरा शुद्ध दे आती है। लेकिन घर पर अपने बच्चे को पानी मिला दूध पिलाना पड़ता है। हम माता बहनों की तकलीफ जानते हैं। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्र पर सप्ताह में 5 दिन दूध मिलेगा। इसकी व्यवस्था की है। ताकि आने वाली पीढ़ी मजबूत हो।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में 15 लाख लखपति बहन बनाना है। उनकी संख्या 8 लाख हो चुकी है। पिछली सरकार में 5 साल तक पेपर लीक होते रहे।

मैं विश्वास दिलाता हूं 17 महीने हो गए सरकार को। एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। जिन्होंने पेपर लीक का काम किया उनकी संख्या 300 हो चुकी है। आगे भी पेपर लीक करने वालों को छोड़ने वाले नहीं है। जिन्होंने युवा व किसान के बेटे से आघात किया है। पिछले बार 35 लाख करोड़ के निवेश के एमओयू हुए। उसके से 3 लाख करोड़ के काम शुरू हो गए। हम 2027 तक किसान को दिन में बिजली दिन में देंगे।

22 अप्रेल को पहलगाम में आतंकी घटना के बाद भारत ने पूरा जवाब दिया। पुलवामा हो या पहलगाम की घटना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने बड़ा काम किया। वहां सिविलियन को चोट नहीं पहुंचाई। हमारी सेना व वैज्ञानिकों ने आतंकी ठिकानों को तहस नहस कर दिया।

देश जल्दी तीसरे नंबर की शक्ति बनने वाला है। हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं वो करते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसान, महिला, गरीब के कल्याण के लिए समर्पित है। आज के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री संजय शर्मा, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह सहित कई मंत्री, पार्टी के पदाधिकारी, नेतागण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धर्मपाल गाँधी की आगामी पुस्तक का शीर्षक होगा- आजादी की राहों

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं सूरजगढ़। राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संस्थान आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष, गाँधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता, क्रांतिकारी लेखक, विचारक, दार्शनिक, स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार धर्मपाल गाँधी की आगामी नई पुस्तक का शीर्षक होगा- ₹आजादी की राहों में₹। पुस्तक में हिंदुस्तान की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाली महिला स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष की कहानियाँ लिखी गई हैं। लेखक धर्मपाल गाँधी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित लिखी गई क्रांतिकारी पुस्तक वर्तमान अंकुर प्रकाशन नोएडा द्वारा प्रकाशित की जायेगी। पुस्तक का संपादन अंजू गाँधी द्वारा किया जायेगा। लेखक धर्मपाल गाँधी काफी लंबे समय से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर शोध कर रहे हैं; आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाले क्रांतिवीरों और महिला स्वतंत्रता सेनानियों को दुनिया के सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व में वर्तमान अंकुर प्रकाशन द्वारा लेखक धर्मपाल गाँधी की लिखित पुस्तक 'हिन्द की क्रांतिकारी बेटियाँ' व 'आजादी के दीवाने' और 'क्रांति का आगाज' प्रकाशित हो चुकी हैं। तीनों पुस्तकों में हिंदुस्तान की आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष का उल्लेख



किया गया है। 'क्रांति का आगाज' पुस्तक में महात्मा गाँधी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय आंदोलनों और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान घटित घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। तीनों पुस्तक वर्तमान अंकुर प्रकाशन नोएडा द्वारा प्रकाशित की गई हैं और तीनों ही पुस्तक अमेजॉन पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। लेखक धर्मपाल गाँधी ने बताया कि मेरे द्वारा लिखी गई पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियाँ व आजादी के दीवाने और 'क्रांति का आगाज' प्रकाशित हुई तो काफी लोगों ने पुस्तकों को पढ़ा और पसंद किया। बुद्धिजीवियों और साहित्यकारों द्वारा अवलोकन करने पर तीनों पुस्तकों को काफी लोकप्रियता मिली। पुस्तकों में स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी घटनाओं को सच्चाई के साथ लिखा गया है। हिंद की क्रांतिकारी बेटियाँ व आजादी के दीवाने पुस्तकों और 'क्रांति का आगाज' की अपार सफलता के बाद प्रयागराज की साहित्यकार व कवयित्री रेनू मिश्रा दीपशिखा और आदर्श समाज समिति इंडिया से जुड़े अन्य साथियों ने मुझे स्वाधीनता आंदोलन पर ओर पुस्तक लिखने के लिए प्रेरित किया। देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले क्रांतिवीरों पर पुस्तक लिखने की मेरी जिज्ञासा हमेशा रहती है। अतः स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली महिला स्वतंत्रता सेनानियों पर पुस्तक लिखने का कार्य शुरू किया और पुस्तक का नाम रखा गया है, ₹आजादी की राहों में₹। पुस्तक में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली महिला स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस और शौर्य गाथाओं का वर्णन किया गया है। हिंदुस्तान की आजादी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी द्वारा शुरू किए गए आंदोलनों में महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर पुरुष स्वतंत्रता सेनानियों का साथ दिया था। आजादी की लड़ाई में महिला स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख किए बिना स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अधूरी है। क्रांतिकारी लेखक धर्मपाल गाँधी द्वारा लिखी गई पुस्तक ₹आजादी की राहों में₹ तकरीबन चालीस महिला स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष की कहानियां लिखी गई हैं। संपादक अंजू गाँधी व लेखक धर्मपाल गाँधी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम पर शोध और पुस्तक लेखन का कार्य जारी है। 'आजादी की राहों में' पुस्तक वर्तमान अंकुर प्रकाशन नोएडा द्वारा शीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा, टैंकरों द्वारा पेयजल सप्लाई की प्रभावी निगरानी के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

खैरथल,तिजारा। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसके साथ ही खाद्य तेलों की फसलों को बढ़ावा देने हेतु जिला तिलहन मिशन एवं जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक भी सम्पन्न हुई। जिला कलेक्टर ने योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल- मिशन के तहत तिलहनी फसलों को उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषको को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार प्रसार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

ग्रीष्म ॠतु को देखते हुए जल जीवन मिशन की प्रगति कि समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी जगह पेयजल पूर्ति हेतु संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर द्वारा की जा रही सप्लाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल , कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, बिजली विभाग, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## कोतवाली क्षेत्र के बलियरी में रिलायंस पम्प हाउस से लेकर म्यार नदी के छोटी पुल तक फैले हैं रेत चोर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नदी के सूखने ही रेत कारोबारियो द्वारा फिर से एक बार अपने ट्रैक्टर का रूख नदी की ओर कर लिया है ताकि अवैध रेत निकाल कर बेचा जा सके और अच्छी खासी कमाई की जा सके। बैढ़न कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलियरी से लेकर सासन पुल तक अवैध रेत का कारोबार जारी। खनिज विभाग व पुलिस प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण रेत चोर उठा रहे हैं भरपूर फायदा। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बलियरी के मयार नदी की धारा को रोक कर रास्ता बनाकर रेत चोरों द्वारा रेण नदी से निकाल रहे हैं अवैध रेत। वही रेत चोरों द्वारा अपने काम को इतनी खामोशी से अंजाम दिया जा रहा है कि ना पुलिस को भनक लग पा रही है और ना ही खनिज विभाग को। ट्रैक्टर की लाइट बंद करके दे रहे हैं अपने काम को अंजाम-सूत्र बताते हैं कि बलियरी से लेकर के शासन पुल तक रेत चोरों द्वारा रात के 12 बजे से अवैध रेत उत्खनन परिवहन करना शुरू कर देते हैं और सुबह के 5 बजे तक अपने काम को अंजाम देते हैं। वही रेत चोरों द्वारा अपने मुखबिर को जगह-जगह पर तैनात कर रखे हैं ताकि पुलिस प्रशासन, खनिज विभाग या फिर रेत ठेकेदार की गाड़ी इधर आए तो लोकेशन की जानकारी उन रेत चोरों को समय-समय पर मिलती रहे और रेत चोरी करने में कोई दिक्कत ना आए।

## सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

एनसीएल की अमलोरी परियोजना में गत शनिवार को सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (अमलोरी), आलोक कुमार, क्षेत्रीय आयुक्त, सीएमपीएफ, विनोद कुमार सिंह, सहायक आयुक्त, सीएमपीएफ, नवीन निश्चल, परियोजना स्तरीय जेसीसी सदस्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन एनसीएल के पूर्व एवं वर्तमान कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी शिकायतकताओं ने सीएमपीएफ एवं पेंशन भुगतान संबंधी समस्याएँ सामने रखीं तथा परियोजना से सीएमपीएफ टीम द्वारा कई समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम₹ के अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली जिले में पुलिस विभाग एवं अमृता सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ₹सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम₹ के अंतर्गत आज दिनांक 19 मई 2025 को किशोरों को यातायात सुरक्षा और आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा बच्चों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, सुरक्षित सड़क उपयोग के व्यवहार और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में सरल एवं प्रभावशाली ढंग से बताया गया। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार सड़क पर चलने, वाहन चलाने और सवारी करते समय सुरक्षा नियमों का पालन कर वे स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। शॉर्ट फिल्म के माध्यम से व्यवहारिक जागरूकता- इस अवसर पर एक शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे होने वाली क्षति को दशार्या गया। फिल्म ने बच्चों को यह सिखाया कि लापरवाही से नहीं, बल्कि सतर्कता और नियमों के पालन से जीवन सुरक्षित रहता है। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता से फिल्म देखी और कई सवाल भी पूछे जिनका जवाब ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने दिया।



आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी जारी-इसी क्रम में गणेश सिंह मीणा और उनकी टीम द्वारा मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इस सत्र का उद्देश्य किशोरों को आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सक्षम बनाना रहा।

## कलिंगा कंपनी की भर्ती पर लाखों की ठगी का आरोप, आवेदन के बावजूद कार्रवाई शून्य

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली/शक्तिनगर। एनसीएल की ओबी कंपनियों में भर्तियों को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कलिंगा कंपनी में रोजगार के नाम पर रुपये वसूली और फर्जी तरीके से बाहरी लोगों को नौकरी दिलाने का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले में मोरवा और शक्तिनगर थाना क्षेत्रों में आवेदन भी पड़े हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

दो साल पहले भी हो चुका है फजीर्वाड़ा-यह कोई पहला मामला नहीं है। दो वर्ष पूर्व




सिक्कल कंपनी में भी ऐसे ही घोटाले सामने आए थे, सूत्रो कि माने तो जब तत्कालीन जीएम रंजीत सिंह ने अनपरा के बंजारा होटल से निगाही क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठेकेबाजी और फर्जी नियुक्तियों का सिलसिला चलाया था।

**अब कलिंगा में 40 लाख की ठगी की बात सामने आई**

ताजा मामला कलिंगा कंपनी से जुड़ा है, जहां नवजीवन विहार में निवास करने वाले वर्तमान जीएम प्रशांत श्रीवास्तव पर गंभीर आरोप लगे हैं।

बताया जा रहा है कि उनके संरक्षण में उनके रिश्तेदारों द्वारा अब तक करीब 40 लाख रुपये की ठगी की गई है। एक पीड़ित का कहना है कि उससे तीन लाख रुपये लेकर नौकरी का झांसा दिया गया, लेकिन नौकरी आज तक नहीं मिली। प्रशांत श्रीवास्तव को पूरे लेन-देन की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने केवल आश्वासन देकर मामले को टाल दिया।

## सिंधी बाल संस्कार शिविर 20 से

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

खैरथल,19 मई (दिनेश माखीजा) सिंधी बाल संस्कार शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत खैरथल अध्यक्ष मनोहरलाल रोघा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भारतीय सिंधु सभा राजस्थान प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत खैरथल व भारतीय सिन्धु सभा खैरथल की ओर से आनंद नगर कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में 20 मई मंगलवार को सिन्धी बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भारतीय सिन्धु सभा के प्रदेश मंत्री राजकुमार दादवानी व संभाग प्रभारी प्रताप कटहरा ने बताया की 20 मई से 29 मई तक प्रातः 8 बजे से प्रातः10 बजे तक शिविर 4 वर्गो में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 5 से 15 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। शिविर के दौरान सैकड़ों छात्र - छात्राओं को सिन्धी भाषा एवं संस्कृति सिखाने के साथ सिन्धी नृत्य, डांडियां, नाटक, योग आदि का अभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान भारतीय सिन्धु सभा के प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, राजकुमार दादवानी, संभाग प्रभारी प्रताप कटहरा,भगवानदास दादवानी अध्यक्ष नत्थूमल रामनानी, सचिव विजय बच्चानी, अर्जुनदास बाबानी, ताराचंद आसवानी,शिशुपाल रेलवानी, बाबूलाल गोरवानी,दिनेश माखीजा,अजित मंगलानी आदि मौजूद रहे।

# समयावधि पत्रों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## एमपीईबी के कार्य दुरुस्त करने की हिदायत, विभाग ने जारी किए कॉल सेंटर के नम्बर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो बालाघाट(म0प्र0)**

कलेक्टर मृणाल मीना ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में गत दिनों आंधी तूफान के बाद हुई बिजली की समस्याओ के निराकरण के सम्बंध में विभाग से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में मानसून के दौरान तेज हवा आंधी और तूफान आम बात है। लेकिन विभाग समय पर बिजली की समस्याओं का निराकरण नही कर पाएं यह ठीक नहीं। बिजली की समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग अपने टोल फ्री नम्बर और कॉल सेंटर के नम्बर जारी कर बिजली से सम्बंधित समस्याओ का तत्प्रता से निराकरण करें। एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री दीपक उइके ने बताया कि बिजली की समस्याओं से सम्बंधित जानकारी 1912 और 9425806742 पर कर सकते है।

साथ ही कलेक्टर मृणाल मीना ने शिक्षा विभाग के कार्यो से असंतोष जताते हुए कहा कि महिला बाल विकास विभाग, जनजाति कार्य और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी बदलने के बाद इन विभागों के विभागीय कार्यो में प्रगति हुई है। शिक्षा विभाग बड़ा विभाग है सूझबूझ के साथ विभागीय दायित्व समझे और समय पर पूरा करें। कलेक्टर मृणाल मीना ने सीएम हेल्पलाईन लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में लांजी के सहायक यंत्री को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जबकि स्कूल शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन में 44 वी रैंक होने पर वेतन कांटने के निर्देश दिए है। इसी तरह जल संसाधन विभाग में सर्वे डिवीजन के कार्यपालन यंत्री का वेतन कांटने और अधीक्षण यंत्री का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए है।

**लाइन पर पेड़ गिरने और बिजली की चमकने पर एक्टिव हो जाता है ऑटोमेटिक प्रोटेक्शन सिस्टम**

बिजली की समस्या के बारे में एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री उइके ने कहा कि जब भी पोल या बिजली लाइन पर पेड़ गिर जाता है या तार से तार टकराने पर या बिजली अधिक चमकती है तो ऑटोमेटिक प्रोटेक्शन सिस्टम एक्टिव हो जाता है। ऐसी स्थिति में पूरी लाइन पर प्रभाव पड़ता है। इस कारण लाइट अचानक बन्द हो जाती है। कई बार बड़े स्तपर पर पेड़ गिरने जैसी स्थिति उत्प न्नस हुई, इस कारण समसय आती है।

**ट्यूबवेल खनन के सत्यापन के लिए होगी टीम गठित**

कलेक्टर मृणाल मीना ने टीएल बैठक में पीएचई विभाग से ट्यूबवेल खनन के लिए दी गई अनुमति की सूची मांगी है। जल संकट ग्रस्त घोषित होने के बाद कई ट्यूबवेल खनन की अनुमति दी जाने पर कलेक्टर मृणाल मीना ने अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे को टीम गठित कर सत्यापन कराने के निर्देश दिए है। इस मामलें में विभाग के सहायक यंत्री श्री सत्यम ने बताया कि पेयजल खनन के लिए पटवारियों की रिपोर्ट और समिति की सहमति के बाद अनुमतियां प्रदान की गई है।

**बैठक में इन विषयों पर हुई समीक्षा**

कलेक्टर मृणाल मीना ने टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान में सूखे हेंडपम्प के पास रिचार्ज पीठ बनाने के सम्बंध में भी निर्देश दिए है ।वारासिवनी के रेलवे आरओबी की प्रगति, पीएम स्वनिधि के प्रकरणो के निराकरण के लिए बैंक से समन्वय कर ॠण स्वीकृति कराने,मेधावी योजना में आवेदनों के निराकरण सहित सीएम व सीएस मॉनिट के बिंदु, समाधान ऑनलाइन के विषयों पर भी विभागों से जानकारी ली गई।

# राशनकार्ड धारकों के लिए खुशखबरी, मिलेगी तीन महिने का राशन

नेशनल प्रेस टाइम्स

झारखण्ड के राशन कार्डधारियों के लिए खुशखबरी है । जून महीने में ही जून, जुलाई एवं अगस्त यानी राशनकार्ड धारकों को एक साथ तीन महीने का राशन दिया जायेगा। आपको बता दे कि पिछले सप्ताह ही केन्द्र सरकार के द्वारा झारखण्ड सरकार को इस दिशा में चिठ्ठी जारी कर तीन महीने की राशन देने सम्बन्धी आवश्यक पहल किया था। राज्य सरकार द्वारा तदनुरूप कार्यवाही करते हुए जिले के अधिकारी को इस दिशा में निर्देश भी दिया गया। वही उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, एम ओ, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं सभी डोर स्टेप डिलीवरी के साथ ई-केवाईसी एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह-जून, जुलाई एवं अगस्त, 2025 के खाद्यान्न का अग्रिम उठाव तथा वितरण से सम्बन्धित समीक्षात्मक बैठक किया। समीक्षा बैठक के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को माह-जून, जुलाई समेत अगस्त 2025 हेतु खाद्यान्न का अग्रिम उठाव कर, जन वितरण प्रणाली विक्रेता को डोर स्टेप डिलीवरी कराकर माह- अगस्त, 2025 तक के खाद्यान्न का वितरण 30 जून 2025 तक कराये जाने की योजना सरकार द्वारा निर्धारित की गयी है। माह-जून, 2025 एवं जुलाई, 2025 के ह्नराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा



अधिनियमह्न से आच्छादित लाभुकों को खाद्यान्न 1 जुन 2025 से 15 जुन 2025 तक एवं माह-अगस्त, 2025 के खाद्यान्न को 16 जुन 2025 से 30 जुन 2025 तक उक्त योजना से संबद्ध लाभुकों को उनसे संबद्ध जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। माह के बचे शेष दिनों में इस कार्य योजना के तहत पाकुड़ के डोर स्टेप डिलिवरी को प्रतिदिन कार्य योजना के तहत खाद्यान्न का उठाव कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को उपलब्ध कराया जाना है, ताकि इस कार्य योजना के तहत कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सरकार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा माह-जून, 2025, जुलाई, 2025 एवं अगस्त, 2025 के लिए ह्नराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियमह्न योजना से आच्छादित लाभुकों को खाद्यान्न का वितरण की समयावधि से सभी को अवगत कराया गया। उपायुक्त श्री मनीष कुमार* द्वारा निर्देश दिया गया कि पी.ई.जी. गोदाम प्रभारी, महेशपुर को अधिक-से- अधिक वाहनों को लगाते हुए खाद्यान्न का समुचित मात्रा में उठाव कर प्रखण्ड स्तरीय गोदामों में प्रतिदिन पहुँचाना है एवं इस कार्य में परिवहन अभिकर्ता पर्याप्त मात्रा में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे। यदि वाहनों की अनुपलब्धता के कारण ससमय खाद्यान्न का उठाव बाधित होता है तो संबंधित परिवहन सह-हथालन अभिकर्ता के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तरीय गोदामों से जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के पास खाद्यान्न के परिवहन हेतु जिला स्तर पर कार्यरत डोर स्टेप डिलिवरी अभिकर्ता वाहनों की सूची पूर्व में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे एवं जीपीएस युक्त उक्त वाहन से निर्धारित किये गये मात्रा अनुसार प्रतिदिन खाद्यान्न का परिवहन सुनिश्चित करेंगे एवं इस कार्य योजना में सहायक गोदाम प्रबंधक के द्वारा गोदाम को प्रातः 08:00 बजे से देर शाम तक खोला जाएगा तथा खाद्यान्न के परिवहन हेतु पर्याप्त संख्या में मजदूरों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। साथ-ही-साथ सहायक गोदाम प्रबंधक, जन वितरण प्रणाली विक्रेता को खाद्यान्न वितरण हेतु अपने स्तर से कार्य योजना तैयार करेंगे, जिसके तहत यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्रान्तर्गत सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर खाद्यान्न उपलब्ध हो। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सरकार की योजना से आमजनों को जागरूक करें, साथ ही प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी तथा प्रखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्यों के साथ-साथ एवं उक्त प्रखण्ड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक कर योजना का निगरानी एवं अनुश्रवण अपनी देखरेख में कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो उनके निलंबन के साथ-साथ अनुज्ञप्ति रद्द संबंधी विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। ई केवाईसी हेतु छुटे हुए लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका ई केवाईसी संबंधी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को दिया गया। जिले में संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रो में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतिमाह परोसे जा रहे भोजन का स्वयं भी उपभोग कर उसकी गुणवत्ता का आकलन करेंगे। साथ ही केन्द्रों की साफ- सफाई हेतु आवश्यक निर्देश केन्द्र के संचालनकर्ता को देंगे। बैठक में वीसी के माध्यम जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, एमओ, एजीएम, उठाव प्रभारी, पी.ई.जी, महेशपुर, गोदाम प्रभारी, पी.ई.जी, महेशपुर, परिवहन अभिकर्ता, पी.ई.जी, महेशपुर जुड़े रहे।

# राज्यपाल एवं सीएम आज आयेंगे धनबाद, करेंगे प्रतिमा का अनावरण, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की तैनाती, हर गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर

नेशनल प्रेस टाइम्स



धनबाद (झा०खं०), 20 मई यानी कल मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार एवं सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बीबीएमकेयू धनबाद में बिनोद बाबू की प्रतिमा अनावरण करने आ रहे हैं। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी ने इस प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लेने के लिए तीन हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया है। समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। जिले के डीसी एसएसपी समेत तमाम आला अधिकारी समारोह स्थल का निरीक्षण करने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वही 11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद झारखण्ड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री एक बार फिर धनबाद की धरती पर एक ही मंच पर नजर आने वाले हैं। यह क्षण 20 मई को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) परिसर में आने जा रहा है, जहां झारखण्ड के राज्यपाल सह-कुलाधिपति संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन संयुक्त रूप से बिनोद बाबू की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर बीबीएमकेयू परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं, परिसर को सजाया-संवारा जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को भी उच्च स्तरीय बनाया जा रहा है। जिला प्रशासन भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है, सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक और आमंत्रित अतिथियों की व्यवस्था तक की निगरानी स्वयं वरीय प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है, सभी तैयारियों की कुलपति प्रो. रामकुमार सिंह खुद निगरानी कर रहे हैं। प्रो. . रामकुमार सिंह, कुलपति, बीबीमकेयू ने बताया कि बीबीएमकेयू के छात्रों में इस समारोह को लेकर काफी उत्सुकता है, जर्मन हैंगर पंडाल बनाया जा रहा है, लंबे समय से इस कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। बहरेहाल, कार्यक्रम में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के अलावे राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद, धनबाद सांसद ढुलू महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अरुप चटर्जी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, डुमरी विधायक जयराम महतो समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# विद्यालय के प्रधानाध्यापको की मासिक बैठक का किया गया आयोजन



नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

जामताड़ा (झा०खं०), बीते सोमवार को जिले के बीआर करमाटांड में प्राथमिक, मध्य, उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापको की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करमाटांड के बीपीओ सावित्री किस्कू ने किया। बीपीओ सावित्री किस्कू ने शिक्षको को विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट इंपैक्ट का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों के लिए रेल प्रोजेक्ट के तहत साप्ताहिक परीक्षा का अंक ऑनलाइन प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। उन्होंने रुआर अभियान के तहत विद्यालय में बच्चों के नामांकन, आधार, और खाता की समीक्षा की। इको क्लब का गठन एवं इको क्लब के द्वारा विद्यालय में पौधारोपण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। ई- विद्या वाहिनी में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति और बच्चों के नामांकन के अभियान अर्थात रुआर अभियान और समर कैंप का लिंक भरने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक अभिभावक मीटिंग कर ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सचिव को शिशु पंजी को यथाशीघ्र अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने एमडीएम में शत -ःप्रतिशत समय पर मैसेज करने का निर्देश दिया। बीआरपी गोवर्धन कुमार ने सत्र 2024 - 25 के वर्ग अष्टम के छात्र छात्राओं की साइकिल की उपयोगिता जमा करने का कहा। मौके पर शिक्षक विद्या सागर, श्याम सिंह, अमरनाथ दास,अनिमेष मंडल,विकास कुमार, बाबोनी बास्की, सहायक अध्यापक छोटेलाल मंडल, गोविन्द मंडल,सुबोध चंद्र मोदी,सीआरपी राजेश गुप्ता,मकसूद अंसारी,भवेश चंद्र मंडल,ललन कुमार, विनय भैय्या, बी आर पी सरफराज,गोवर्धन कुमार ,एकाउंटेंट नोनी गोपाल मंडल, रिसोर्स शिक्षक शशि शेखर, ऑपरेटर निधि कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# अंकिता वर्मा की नेतृत्व में महिलाओं ने थाना झामुमो की सदस्यता

नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

झामुमो केन्द्रीय कार्यालय, रांची मे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह-सीएम हेमन्त सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा की कार्यसमिति सदस्य अंकिता वर्मा के नेतृत्व मे रांची की सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सह-प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी में स्वागत किया। साथ ही पार्टी के नीति



सिद्धांतों से अवगत कराया एवं संगठन को मजबूत करते हुए राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु संकल्प दिलाया। सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से रानी देवी, सरिता देवी, मधु देवी, सुधा देवी, अनीता देवी, बबीता देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, धंसरी देवी, मीना देवी, बिजली देवी, सीता देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, प्रीति देवी, पूजा देवी, ननकी देवी, किरण देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, गीता देवी, विक्की वर्मा एवं अन्य रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, केन्द्रीय सदस्य सह-संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया एवं प्रदीप मिर्धा और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता की समस्याओं का हुआ समाधान, बेवजह परेशान न करे अधिकारी- विधायक

लातेहार (झा०खं०), लातेहार के स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को बारियातू प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ व सीओ द्वारा विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक राम ने प्रखण्ड परिसर में विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि कार्यालय का फीता काटकर व नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। जनता दरबार में गोनिया पंचायत के विश्रामपुर एवं शिबला पंचायत के भाटचतरा गांव से आये ग्रामीणों ने बीते वर्ष वन विभाग द्वारा बिना पूर्व सूचना के मक्का की तैयार फसल को नष्ट किए जाने का मुद्दा उठाया।

# सदर अस्पताल में नव निर्मित डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेन्टर का डीसी ने किया उद्घाटन, बनेगा सहायक

नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

साहेबगंज (झा०खं०), जिला के सदर अस्पताल परिसर में नव-निर्मित डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेन्टर (ऊश्क्ल) का उद्घाटन डीसी, साहेबगंज हेमन्त सती ने किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालीया, अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण भी किया और इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह केन्द्र बच्चों में जन्म से लेकर छह साल की उम्र तक होने वाले विकासात्मक विकारों की शीघ्र पहचान और उपचार में मदद करेगा। उन्होंने इसे जिला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जो विशेष रूप से शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को राहत देगा। सिविल सर्जन ने कहा कि यह केंद्र आधुनिक उपकरणों से लैस है और इसमें प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम तैनात रहेगी जो बच्चों की स्क्रीनिंग, परामर्श और उपचार सुनिश्चित करेगी। उद्घाटन के मौके पर अस्पताल कर्मियों ने उपायुक्त का स्वागत किया और आश्वस्त किया कि वे पूरी निष्ठा से इस केन्द्र की सेवाएं जनता तक पहुंचाने में प्रयासरत रहेंगे।

# दिव्यांग बच्चे समाज के अभिन्न अंग : संयुक्ता नायक



नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

गोड्डा : शताक्षी महिला समिति (राजमहल परियोजना) की अध्यक्ष सह राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक एके नायक की धर्मपत्नी संयुक्ता नायक की अगुवाई में टीम सोमवार को परसोती (गोड्डा) स्थित लोहिया विकलांग सेवा समिति द्वारा संचालित नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालय पहुंची। यहां टीम की सदस्यों ने विद्यालय के मूकबधिर व विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों के साथ मिलजूल कर उनका उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच खाद्यान्न व अन्य सामग्रियों का वितरण किया। शताक्षी महिला समिति की अध्यक्ष संयुक्ता नायक ने कहा कि ₹दिव्यांग बच्चे हमारे ही समाज के अंग हैं तथा समाज के अन्य बच्चों की तरह उन्हें भी समान रूप से जीने का अधिकार है। उन्हें मुकम्मल शिक्षा तथा रोजगार मुहैया कराना हम सबकी जिम्मेवारी है₹। शताक्षी महिला समिति के दर्जनों सदस्यों ने विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद कर व बातचीत कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

ज्ञात हो कि कोयला कंपनियों के अधिकारियों की पत्नियों द्वारा संचालित शताक्षी महिला समिति द्वारा लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच कई प्रकार से सहयोग किया जाता है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के संचालक तथा लोहिया विकलांग सेवा समिति का निदेशक जयकांत यादव ने शताक्षी महिला समिति के प्रति आभार प्रकट किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महागामा के सफाई कर्मियों की मांगों को मिला जनसमर्थन

नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

गोड्डा/ महागामा : नगर पंचायत के सफाईकर्मी बीते कुछ समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय युवा सुमित कुमार ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा निर्धारित 446 की दैनिक मजदूरी आज तक सफाई कर्मियों को नहीं दी जा रही है। 11 मार्च 2024 से ही यह दर लागू होनी थी, लेकिन न तो इसका एरियर भुगतान किया गया और न ही भविष्य निधि (ईपीएफ) की व्यवस्था शुरू हुई। जबकि पहले इसको लेकर मौखिक समझौता हो चुका था। हम, महागामानगरवासियों को ओर



से, इन सफाईकर्मियों की सभी मांगों का पूर्ण समर्थन करते हैं और नगर पंचायत प्रशासन से अपील करते हैं कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए अविलंब आवश्यक कदम उठाए जाएं।

वही अनीश केशरी ने कहा कि इन कर्मठ और मेहनती सफाईकर्मियों के बिना शहर की स्वच्छता की कल्पना नहीं की जा सकती। ये लोग दिन-रात मेहनत करके नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद इन्हें वह सम्मान और सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं, जिनके वे हकदार हैं।

# बंदियों की परैवी के लिए निश्शुल्क विधिक सहायता का प्राविधान : डालसा

नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

गोड्डा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर मंडल कारा परिसर में सोमवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया । इस दौरान बंदियों को कानून की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गठित टीम में शामिल पंचम अपर जिला जज नीरज विश्वकर्मा, सबजज रेमी प्रफुल्ल बा,मंडल कारा अधीक्षक प्रेमलता मुर्मू , लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ संजय कुमार सहाय, अजीत



कुमार, राहुल कुमार, लीली कुमारी, आयुष राज आदि ने विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से अभिवंचितों को न्याय सुलभ कराने की व्यवस्था है। देश के सभी नागरिकों न्याय पाने का अधिकार है। इसलिए वंदियों, महिलाओं, जरुरतमंदों, समाज के कमजोर वर्गों , अभिवंचितों को विधिक सहायता मुहैया की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बंदियों को पैरवी के लिए विधिक सहायता प्राप्त करने का प्रविधान हैं। इसके तहत आपको पैरवी के लिए अधिवक्ता मुहैया कराया



जाता है। विधिक सहायता से संबंधित मामले की सुनवाई को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल का गठन किया गया है जो विधिक सहायता मुहैया कराने में अहम कड़ी का काम करते हैं। विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन देने की जरुरत है। जिन बंदियों ने विधिक सहायता के लिए आवेदन दिया है। उनका कार्य प्रगति पर है। इनमें से कई बंदियों को बेल मिल चुका है। जेल से निकलने के बाद अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह रहने की सलाह दी।

# संभावित बाढ़ से बचाव के लिए सभी तैयारियां पूरी रखी जाएं: डीएम



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बहराइच। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों व उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि समय से पूर्व मानसून के आगमन के पूवार्नुमान को मद्देनजर रखते हुए संभावित बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्यों के सफल संचालन के सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। डीएम ने कहा कि बाढ़ व कटान से सुरक्षा के लिए संचालित कार्यों की एसडीएम सतत निगरानी कर यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य वर्षा से पूर्व मुक्ममल हो जायें। डीएम ने कहा कि संभावित बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन के लिए कार्मिकों की तैनाती के साथ साथ बाढ़ शरणालयों की पर्याप्त साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल व प्रसाधन इत्यादि के बन्दोबस्त कर लिये जायें। क्षेत्र में रह रहे नाविकों की सूची तैयार कर ली जाय तथा मोटर बोट, नावों की आवश्यकता इत्यादि का आंकलन कर समय पूर्व उपलब्धता सुनिश्चित करा ली जाय। डीएम ने एसडीएमों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अर्ली अलार्म सिस्टम के प्रति जागरूक किया जाय। बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों को वितरण किये जाने वाले राहत सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। पशुओं के चारे के साथ-साथ हरा चारा चोकर की भी व्यवस्था किया जाय। बाढ़ के दौरान तथा उसके पश्चात संक्रामक रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाय। डीएम ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन के लिए प्रकाश हेतु वैकल्पिक प्रबन्ध भी किये जायें। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में दवा, एन्टीवेनम इत्यादि की भी समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि संभावित बाढ़ के दौरान न्यून से न्यूनतम धन जन हानि हो तथा राहत एवं बचाव कार्यों को निर्बाध रूप से संचालित किया जाय।

# नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा विषय पर आयोजित हुई




**नेशनल प्रेस टाइम्स**

बहराइच। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान (सम्बद्ध संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश) के तत्वावधान में आज बाल शिक्षा निकेतन कॉलेज सभागार में ह्यह्यभगवान बुद्ध जीवन दर्शनह्लह्ल से सम्बंधित कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व प्राचार्यो का सम्मान समारोह तथा नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व शिक्षाविदों को संस्कृति विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रतिनिधि चेयरमैन नगर पालिका परिषद बहराइच श्याम करन टेकड़ीवाल ने कहा कि शांति, सौहार्द, करुणा को आत्मसात कर ही हम सम्पूर्ण विश्व मे शांति व स्थायित्व ला सकते हैं बिना शांति एवं स्थायित्व के हम सभ्य एवं विकसित नही हो सकते हैं। उन्होंने आवाहन किया कि विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी समाज एवं देश को मजबूत, स्थाई एवं विकसित बना सकें। आयोजक प्रबंधक महासभा जिला अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से जनपद के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में बौद्ध धर्म से सम्बंधित विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमे महात्मा बुद्ध के बताए गए पंचशील सिद्धांतों को आत्मसात कर नशामुक्त सभ्य समाज बनाए जाने हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने के लिए शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षाविदों ने सामूहिक संकल्प लिया है। मुख्य वक्ता जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यशाला आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया तथा जनपद के समस्त विद्यालयों में कार्यशाला आयोजन हेतु सुझाव भी दिया। कार्यक्रम का संचालन वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र तिवारी तथा संगठन प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला आयोजन में विशेष सहभाग के लिए गायत्री इंटर कॉलेज रिसिया प्राचार्या रीति निगम, बाल शिक्षा निकेतन प्राचार्या अर्चना मराठे, मोंटेसरी कॉलेज प्राचार्या दिलशाद बानो, बाबा आर बी सिंह इंटर कॉलेज प्राचार्य अजय सिंह, सविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी मानस इंटर कॉलेज प्राचार्य को महात्मा बुद्ध की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य श्रीनाथ शुक्ल ने किया। समापन अवसर पर नशामुक्त समाज बनाए जाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# अमरोहा में विकास कार्यों की राज्यमंत्री ने की समीक्षा:केपी मलिक कहा- गेस्ट हाउस निर्माण की प्रगति जानी, गोल्डन कार्ड बनवाने का निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**



वन पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने सोमवार को अमरोहा कलेक्ट्रेट का दौरा किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस निर्माण की प्रगति जानी। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने अगस्त के अंत तक निर्माण पूरा करने का आश्वासन दिया।

आयुष्मान योजना पर विशेष ध्यान देते हुए मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गोल्डन कार्ड बनवाने का अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों को आवास दिलाने पर जोर दिया। विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर समय पर बदलने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तूफान से प्रभावित गांवों में टूटे बिजली के खंभों और तारों की तत्काल मरम्मत करने को कहा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अधिक महिलाओं को व्यवसाय से जोड़ने पर बल दिया। कृषि विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों के लिए कैंप लगाने और खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने माटी कला बोर्ड की इकाइयों के उचित संचालन पर जोर दिया।

# दो साल के बच्चे को छोड़ गया कोई 'अपने', बोल-सुन नहीं सकता है मासूम

**नेशनल प्रेस टाइम ,,ब्यूरो**



बरेली। करीब दो साल के मासूम बच्चे को रविवार रात कोई चौपुला की रेलवे कॉलोनी के पास छोड़कर चला गया। स्थानीय लोगों ने सूचना दी तो चाइल्ड लाइन ने उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया। पता लगा कि बच्चा शारीरिक रूप से दुरुस्त है लेकिन उसे स्पंदन या आवाज सुनाई नहीं दे रही है। माना जा रहा है कि बच्चा बोलने और सुनने में असमर्थ है। इसके अलावा बच्चा मानसिक अस्वस्थ लगने पर मानसिक अस्पताल में भी सूचना दी। वहां से आई टीम ने भी उसका परिक्षण किया। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है जिससे पता लग सके कि बच्चा कौन छोड़ गया और उसके माता पिता कौन हैं। माना जा रहा है कि बच्चा बोलने और सुनने में असमर्थ है। इसके अलावा बच्चा मानसिक अस्वस्थ लगने पर मानसिक अस्पताल में भी सूचना दी। वहां से आई टीम ने भी उसका परिक्षण किया। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है जिससे पता लग सके कि बच्चा कौन छोड़ गया और उसके माता पिता कौन हैं।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बहराइच। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एक निजी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने सोमवार को जनपद बहराइच पहुँचे। जहां पर जनपद की सीमा घाघरा घाट से लेकर जिला पार्टी कार्यालय तक सपा नेताओं व कार्यकर्ताओ के हुजूम ने जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के जिला पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सूबे के पूर्व मंत्री यासर शाह, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, विधायक कैसरगंज आनंद यादव, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा कैसरगंज पंडित भगतराम मिश्रा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला महामंत्री सुनील निषाद सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों ने फूल मलाओं से स्वागत किया।

# अर्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कानपुर, सोमवार को चमनगंज स्थित अर्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं की माताओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नजमा जाफरी, संस्थापक,अर्शी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस एवम विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट नूरीन जाफरी हाई कोर्ट उपस्थित रहीं वही उन्होंने ने छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए माँ के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि माँ ईश्वर का साक्षात रूप होती है और माँ का कर्ज. कोई नहीं चुका सकता। माँ वह शक्ति है जो संतान को जीवन देती है पालन-पोषण करती है और हर परिस्थिति में मार्गदर्शन करती है। माँ की ममता, त्याग और प्रेम संपूर्ण सृष्टि की सबसे अनमोल निधि है। वही कार्यक्रम में जानकारी के मुताबिक दो सौ बच्चो ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जिनमें माताओं और बच्चों ने सहभागिता की। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं नाट्य रूपांतरण ने सभी का मन मोह लिया,विशेष रूप से माँ-बेटी की जोड़ी द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया इस अवसर पर स्कूल के स्टाप सहित अभिभावक व क्षेत्रीयगण मौजूद हुए वही वि?द्यालय परिवार ने सभी का आभार प्रकट करते हुए सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करी।

# बिना डॉक्टर के संचालित हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मैनपुरी/कुरावली। नगर के घिरोर रोड नहर पुल से आगे बिना डॉक्टर के संचालित होने वाले प्राइवेट नीलकंठ हॉस्पिटल में एक प्रसूता की मौत हो गई, परिजनो ने हंगामा काटते हुए हॉस्पिटल संचालको पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध थाने में तहरीर दी, पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

औंछा थाना क्षेत्र के गांव नगला देशी निवासी शिवमंगल सिंह ने अपनी पत्नी राजवती को प्रसव पीड़ा होने पर 13 मई को कुरावली के घिरोर रोड स्थित नीलकंठ हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां पर राजवती ने ऑपरेशन के बाद एक बच्चे को जन्म दिया था, उसके बाद प्रसूता राजवती की हालत में सुधार नहीं हुआ था, शिवमंगल सिंह का आरोप है कि कई बार हालत बिगड़ने पर उसके द्वारा हॉस्पिटल में मौजूद डॉक्टरो से इलाज करने के लिए कहा गया, लेकिन इन्होने इलाज नहीं किया, उसके बाद रेफर करने के लिए कहा गया, लेकिन हॉस्पिटल संचालको ने रेफर भी नहीं किया, 17 मई की रात को प्रसूता राजवती की हालत ज्यादा बिगड़ी तब वह बैड पर पैर पटकने लगी, तब नीलकंठ हॉस्पिटल के संचालक अनिल कुमार और मिथलेश व डॉ. दुष्यंत कुमार उर्फ सोनू ने प्रसूता के हाथ पैर बांध दिए, और उसके साथ मारपीट की, पीड़ित का कहना है कि उसी रात को प्रसूता राजवती की मौत हो गई। पीड़ित ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने प्रसूता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिना डॉक्टर के संचालित किया जा रहा है हॉस्पिटल-बताया जाता है कि कुरावली का नीलकंठ हॉस्पिटल बिना डॉक्टर के संचालित किया जाता है। पीड़ित शिवमंगल सिंह ने बताया कि जिसदिन प्रसूता राजवती का ऑपरेशन हुआ था, तब कोई डॉक्टर बाहर से आया था, ऑपरेशन के बाद डॉक्टर चले गए थें, उसके बाद प्रसूता की देखरेख संचालक अनिल कुमार, मिथलेश कुमारी, डॉ. दुष्यंत कुमार के द्वारा की जा रहीं थी। प्रसूता की देखरेख करने वाले अनिल कुमार क फार्मासिस्ट व मिथलेश एएनएम व दुष्यंत कुमार एक बीएएमएस डॉक्टर है।

अगर सीएमओ कार्रवाई करते तो बच जाती प्रसूता की जान-कुरावली का नीलकंठ हॉस्पिटल बिना डॉक्टर के संचालित किया जाता है। करीब 10 माह पूर्व बिना डॉक्टर के संचालित हॉस्पिटल के मामले को सोशल मीडिया पर इस मामले को प्रमुखता से प्रचारित किया गया था, यह मामला सीएमओ की जानकारी में भी पहुंच गया था, लेकिन सीएमओ ने हॉस्पिटल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, अगर तब कार्रवाई हो जाती तो आज राजवती की जान नहीं जाती, सीएमओ के द्वारा कार्रवाई न करने से एक महिला की जान चली गई।

क्या बोले डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री- कुरावली के प्राइवेट हॉस्टिल में महिला की मौत का मामला संज्ञान में नहीं है। परिजनो ने इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए है तो पूरे मामले की जांच कराने के आदेश दिए जायेंगे। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, साथ बिना डॉक्टर के हॉस्पिटल क्यों संचालित हो रहा था, इसके बारे में पता करके कार्रवाई कराई जाएगी।- बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन।

क्या बोले इंस्पेक्टर कोतवाली कुरावली- हॉस्पिटल में महिला की मौत का मामला संज्ञान में है। तहरीर भी मिली है। डॉक्टर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए सीएमओ से परमीशन ली जाएगी, परमीशन मिलने के बाद मुकदमा पंजीकृत करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।- धर्मेन्द्र सिंह चौहान, इंस्पेक्टर कोतवाली कुरावली।

# महर्षि वाल्मीकि मेला कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

कानपुर, मोतीझील स्थित महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव केंद्रीय मेला कमेटी का शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर विधायिका नीलिमा कटियार द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। वही कमेटी द्वारा सांसद रमेश अवस्थी और विधायिका नीलिमा कटियार को बाबा साहेब का चित्र भेंट कर एवम सम्मान कर कार्यक्रम बढ़ाया। वही रमेश अवस्थी ने कहा कि जब भी कमेटी द्वारा मुझे कार्यक्रम में हमे जब भी निमंत्रण पत्र दिया जाता है तब हमे मेला कमेटी परिवार की याद दिलाती है मेला कमेटी का एक-एक सदस्य मेरा परिवार है। वही मुन्ना हजारिया ने बताया कि मेला कमेटी के 151 सदस्यों ने शपथ ग्रहण कराया गया जहां ये सभी लोग कमेटी द्वारा दिए गए कार्यों को निष्ठा पूर्वक अपना कार्य करेंगे। कार्यक्रम समारोह में मुख्य रूप से प्रकाश हजारिया,बृजेंद्र मकोरिया,सतीश वाल्मिकी,राम गोपाल सरपंच,मुन्ना हजारिया,डी डी सुमन,मुन्ना पहलवान,माता प्रसाद,श्री कांत,अशोक राइटर,नरेंद्र खन्ना,विनोद कुमार एडवोकेट,सुरेश भारती,बबलू खोटे,अशोक भारती,राम स्वरूप सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हसनपुर में निजी चिकित्सक की मौत:पुलिस लिखी कार से हादसा, बाइक को 30 मीटर तक घसीटा, चालक फरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**







अमरोहा के आदमपुर में एक निजी चिकित्सक की सड़क हादसे में मौत हो गई। आदमपुर-सौधन मार्ग पर पुलिस लिखी कार ने बाइक सवार चिकित्सक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन को थाने के पास छोड़कर फरार हो गया।

गांव बांगड़ छोईया निवासी 28 वर्षीय प्रताप सिंह गांव दढ़ियाल में क्लीनिक चलाते थे। सोमवार सुबह 9 बजे वह आदमपुर से सामान खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव के नजदीक सौधन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

कार बाइक को करीब 30 मीटर तक घसीटती रही। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने घटना देखी और मौके पर पहुंचे। परिजन घायल प्रताप को निजी अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें मेरठ रेफर किया गया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

मृतक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्राली से थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। प्रताप अपने पीछे पत्नी शशि और दो बच्चों - 4 साल के निर्भय और 2 साल के शिवांश को छोड़ गए हैं। थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।